# जागरण : सीहोर : शाजापुर : देवास

www.dainikjagranmpcg.com | ✹ आष्टा ✹ भैरुंदा ✹ बुधनी ✹ बैरछा ✹ शुजालपुर ✹ सोनकच्छ ✹ कालापीपल ✹ हाटपीपल्या ✹ खातेगांव | सीहोर, 17 जून 2026


## न्यूज कार्नर

### शिक्षक पद पर पदस्थ करने की मांग

**सीहोर।** सरकारी स्कूलों में गुरू जी के रूप में पदस्थ महिला शिक्षकों ने संविदा शिक्षक वर्ग-3 में पदस्थ करने की मांग शासन प्रशासन से की है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर गुरूजियों ने मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर वंदना राजपूत को ज्ञापन दिया है। विकासखण्ड इछावर के ग्राम पांगरा शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ गुरू जी अनीता विश्वकर्मा सहित अन्य गुरूजियों ने बताया कि 1997 से निरन्तर सरकारी स्कूल में कार्यरत होकर शिक्षक के रूप में सेवा दे रहे है। गुरूजियों को मात्र प्रति माह 3600 रूपये मानदेय दिया जा रहा है। शासन द्वारा सन् 2015 में पात्रता परीक्षा 2008-2009 को संविदा शिक्षक वर्ग-3 पर गुरूजियों को नियोजन किया गया था लेकिन उस समय हमारे पास योग्यता नहीं थी। जिस कारण हम 17 गुरूजियों का संविदा शिक्षक वर्ग-3 में नियोजन नहीं किया गया था। लेकिन अब हमारे द्वारा संविदा शिक्षक वर्ग-3 की अर्हता प्राप्त कर ली गई है। सभी जरूरी दस्तावेज जिला शिक्षा केन्द्र में प्रस्तुत किये जा चुके हैं।

### टोकन व्यवस्था किसानों के लिए बनी मुसीबत

**सीहोर।** जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बयान जारी करते हुए कहा कि जिले में खरीफ फसलों के बोवनी का समय चल रहा है। ऐसे में जिले में किसानों को समय पर खाद और डीजल की उपलब्धता सुगम की जाए नहीं तो खरीफ सीजन प्रभावित हो सकता है। राजीव गुजराती में आगे कहा कि किसानों को ऑनलाइन बुकिंग में अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। कभी सर्वर डाउन हो जाता है तो कभी ओटीपी नहीं आता ऐसे में किसानों को बार-बार गाँव से शहर आकर ऑनलाइन केन्द्रों पर चक्कर लगाना पड़ रहा हैं, जिसके कारण अनदाताओं के पैसे व समय की बर्वादी हो रही है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया को सरल बनाया जाए या फिर पुरानी व्यवस्था बहाल कर समय पर खाद उपलब्ध कराई जाए, ताकि खेती और उत्पादन पर कोई असर न पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि जिन किसानों के पास बरसों से वन भूमि है, वह इस ऑनलाइन प्रक्रिया से बाहर हो गए हैं, उनके लिए भी सरकार को कोई दूसरी व्यवस्था करना चाहिए।

### ९० यूनिट किया रक्तदान, दिया संदेश

**सीहोर।** स्वर्गीय श्री कमलेश कुमार मालवीय जी की पावन स्मृति में 16 जून 2026 को जिला चिकित्सालय सीहोर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 90 यूनिट रक्तदान किया गया। वर्ष 2004 से निरंतर आयोजित हो रहा यह शिविर मानव सेवा, समाज कल्याण और जरूरतमंदों की सहायता के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं और समाजसेवियों ने सहभागिता कर रक्तदान किया तथा मानवता की सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर समाजसेवी अरुणा सुदेश राय मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन मिल सकता है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, सी.एस. उमेश श्रीवास्तव, डॉ. नवीन मेहर, डॉ. हितेश शर्मा, डॉ. हरिओम गुप्ता, सतीश भार्गव, हरीश नेहलानी, गोलू, अश्वनी एवं मोंटी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पचामा स्टेशन के आस-पास 50 एकड़ से अधिक कृषि भूमि में बेचे जा रहे फार्म हाऊस

# साहब! यहां स्टेशन बनेगा या नहीं? मेट्रो का सपना दिखाकर बेच रहे फार्म हाऊस

**जागरण, सीहोर।** अभी तक तो जिला मुख्यालय और उसके आसपास अवैध कॉलोनियों का जाल बिछता चला आ रहा था और लोगों को उनके घर का सपना दिखाकर बिना सक्षम अनुमतियों के मंहगे प्लाटों की बिक्री करते हुए उनकी जेब ढीली करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। यह जमीन खोरों का पेट इससे भी नहीं भरा तो अब रेल्वे स्टेशनों के आसपास स्थित कृषि भूमियों को भविष्य में मेट्रो स्टेशन बनने का सपना दिखाकर ग्राहकों को मोटे दामो पर फार्म हऊस बेचने की जुगत भिड़ाते हुए उनकी जीवनभर की जमापूंजी ऐंठने का सिलसिला भी शुरु हो चुका है पुराने इंदौर भोपाल राज माग्र पर भू माफिया पचामा रेल्वे स्टेशन के पास 50 एकड़ से भी अधिक कृषि भूमि में 50 से अधिक फार्म हाऊस काटते हुए ग्राहकों को दाना डालने का काम शुरु कर दिया है। शहर से 5 किमी की दूरी पर पचामा-लसुडिया परिहार रोड क्षेत्र में लगभग 50 एकड़ कृषि भूमि पर कथित रूप से अवैध रूप से फार्म हाउस विकसित किए जा रहे हैं। इन फार्म हाउसों को बेचने के लिए ग्राहकों को यह विश्वास दिलाया जा रहा है कि भविष्य में यहां के समीप मेट्रो स्टेशन बनने वाला है, जिससे जमीनों की कीमत कई गुना बढ़ जाएगी।




### लालच में आने लगे ग्राहक

स्थानीय स्तर पर चल रहे इस प्रचार ने निवेशकों का ध्यान आकर्षित किया है। कई लोग भविष्य में बड़े लाभ की उम्मीद में अपनी जमा पूंजी इन परियोजनाओं में लगाने लगे हैं। हालांकि, इस दावे की वास्तविकता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। जानकारों का कहना है कि वर्तमान में सीहोर शहर में मेट्रो परियोजना या मेट्रो स्टेशन के स्थान को लेकर शासन अथवा प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक अधिसूचना, स्वीकृति या गाइडलाइन जारी नहीं की गई है। इसके बावजूद कुछ प्रॉपर्टी कारोबारी और एजेंट मेट्रो स्टेशन की संभावित लोकेशन बताकर जमीन और फार्म हाउस बेचने में जुटे हुए हैं। रियल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े लोगों का मानना है कि इस तरह के भ्रामक दावे निवेशकों को भ्रमित करने का माध्यम बन सकते हैं। यदि भविष्य में ऐसे दावे गलत साबित होते हैं तो खरीदारों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### भोले-भाले निवेशक बन रहे निशाना

ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अनेक लोग अपने भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए जमीन और फार्म हाउस में निवेश करना पसंद करते हैं। ऐसे में यदि उन्हें किसी बड़े सरकारी प्रोजेक्ट या मेट्रो जैसी सुविधा का सपना दिखाया जाए तो वे आसानी से प्रभावित हो जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई खरीदार बिना दस्तावेजों की गहन जांच किए केवल प्रचार और एजेंटों की बातों पर भरोसा कर रहे हैं। इससे भविष्य में विवाद, कानूनी उलझन और आर्थिक नुकसान की स्थिति पैदा हो सकती है।


### अवैध कॉलोनियों पर भी उठ रहे सवाल

पचामा-लसुडिया रोड क्षेत्र में विकसित हो रही कुछ परियोजनाओं को लेकर यह भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या संबंधित भूमि का उपयोग परिवर्तन, कॉलोनी विकास अनुमति और अन्य आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त की गई हैं या नहीं। यदि नियमों की अनदेखी कर कृषि भूमि पर प्लॉटिंग और फार्म हाउस विकसित किए जा रहे हैं, तो यह प्रशासन के लिए भी चिंता का विषय है।

### प्रशासनिक कार्रवाई की बढ़ी मांग

स्थानीय लोगों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही मेट्रो स्टेशन के नाम पर भ्रामक प्रचार करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो यह मामला आने वाले समय में बड़े भू-घोटाले का रूप ले सकता है। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर मेट्रो स्टेशन का सपना दिखाकर किसके इशारे पर जमीनों का कारोबार चमकाया जा रहा है और प्रशासन इस पूरे खेल पर कब तक लगाम लगाएगा।

# नहीं थम रहा पट्टे की जमीनों को हथियाने का गोरखधंधा




अवैध जमीन पर वर्चस्व की जंग: नेताजी की भागम-भाग!

**जागरण, सीहोर।** जिले की इछावर तहसील के गांवों में गरीबों को भरण उपोषा के लिए दिए गए कृषि भूमि के पट्टे को हथियाने का खेल ब-दस्तूर बना हुआ है मजे की बात यह है कि पट्टों के इस खेल में भाजपा के दो कद्दावर नेताओं के बीच होड़ लगी हुई है कि कौन सबसे अधिक सरकारी पट्टे हथियाकर उन्हें अपने नाम कराने में सफल हो पता है इन सबके बीच पट्टेधारियों की मौज दिखाई देने लगी है कि कौन नेता उनके पटटों की अधिक से अधिक कीमत देकर उनकी जेब गर्म कर सकता है।

### मुख्यालय से सटे ग्रामों में

सूत्रों के अनुसार यूं तो जिलेभर में गरीब आदिवासियों से उनके पट्टे औने-पौने दामों में खरीदकर भूमफिया उन जमीनों पर न केवल कब्जे कर रहा है वरन खरीदी गई पट्टे की इन जमीनों की अवैध रूप से रजिस्ट्री भी स्वयं के नाम या फिर अपने परिजनों के नाम कराने से भी नहीं चूक रहा है। इछावर विधानसभा क्षेत्र में तो पूरे सरकारी संरक्षण और मंत्री के वरदहस्त के चलते सरकारी पट्टों हथियाने का सिलसिला बना हुआ है। विशेषकर जिला मुख्यालय से सटे इछावर विधान सभा के अंतर्गत आने वाले ग्रामों और वन ग्रामों में यह खेल भाजपा क दो नेताओं में प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति में बना हुआ हे दोनों ही नेताओं को प्रदेश के प्रदेश के एक मंत्री का संरक्षण प्राप्त होने के कारण इछावर तहसील के राजस्व अधिकार और पटवारी गिरदावर तक अपना मुंह खोलने से डर रहे हैं। ऐसे में गरीब आदिवासियों के मिले सरकारी पट्टे आसानी से कब्जाए जा रहे हैं। विशेषकर धबोटी में तीन लोगो को मिली 15 एकड़ जमीन में से एक व्यक्ति की 5 एकड़ पट्टे की जमीन पट्टेदार से न केवल हथियाई गई वरन राजस्व अधिकारियों से सांठ-गांठ करते हुए रजिस्ट्रार ऑफिस से रजिस्ट्री भी करा ली।

राजस्व विभाग के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिले में जमीन खोर और भूमाफिया तो पहले ही बिना सक्षम अनुमातियों के आंतरण नामंतरण और रजिस्ट्री कराने का गौरखधंधा कर रहे थे अब सरकार द्वारा गरीबों को उदर पोषण के लिए जिन जमीनों के पट्टे दिए गए थे उन पट्टों को भी हथियाने का खेल जोरशोर से शुरु हो चुका है पट्टे की यह जमीने जो कृषि कार्य के लिए दी गई थी कालांतर में उन्हें हथियाकर और उनका नामंतरण कर रजिस्ट्री कराकर इन जमीनों को भी अवैध कालोनियों में तब्दील कर लोगों की जेब हल्की करना शुरु किया जा सकता है।

# चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़ नकदी और जेवर बटोरे



**जागरण, सीहोर।** कोतवाली थाना अंतर्गत ब्रह्मपुरी कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चारों ने यहां हजारों रुपये की नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। चोरों का मन इतने से भी नहीं भरा तो उन्होंने जाते-जाते मकान के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल पर भी हाथ साफ कर दिया और उसी पर सवार होकर रफूचक्कर हो गए। चोरी की यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर अब पुलिस आरोपियों की तलाश जुट गई है।

जानकारी के अनुसार चोरी की यह वारदात ब्रह्मपुरी कॉलोनी में रहने वाले मोबाइल दुकान संचालक नितिन जोशी के मकान में हुई। घटना के वक्त परिवार किसी काम से बाहर गया हुआ था और घर पूरी तरह सूना था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और घर के भीतर दाखिल हो गए। चोरों ने बड़ी ही तसल्ली के साथ पूरे घर के कमरों और अलमारियों को खंगाला। अलमारी के लॉकर में रखे हजारों रुपये के कीमती आभूषण, जरूरी दस्तावेज और नकदी समेटकर चोर बाहर निकल आए।

### पड़ोसी की बाइक ले उड़े

मकान के अंदर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने के बाद भी चोरों का दुस्साहस कम नहीं हुआ। जैसे ही वे चोरी का माल समेटकर घर से बाहर निकले, उन्हें पास ही में खड़ी एक अन्य नागरिक की मोटरसाइकिल दिखाई दी। चोरों ने तुरंत उस बाइक का लॉक तोड़ा और चोरी किए गए सामान व नकदी के साथ उसी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से बड़ी आसानी से फरार हो गए।

### फुटेज खंगाल रही पुलिस

सुबह जब पड़ोसियों ने नितिन जोशी के घर का ताला टूटा हुआ देखा तो हडकंप मच गया। पड़ोसियों ने तुरंत इसकी सूचना नितिन जोशी और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तो उसमें चोरों की संदिग्ध गतिविधियां और चोरी की वारदात साफ तौर पर रिकॉर्ड मिली है। फुटेज में चोर चोरी की बाइक से भागते हुए भी नजर आ रहे हैं। नितिन जोशी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रवीन्द्र यादव के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों के हुलिए और बाइक के रूट का पता लगाया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया माल बरामद कर लिया जाएगा।

### सच्चे मन से की गई शिव आराधना कभी व्यर्थ नहीं जाती: पंडित मिश्रा

**सीहोर।** कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का जन्मोत्सव जिला मुख्यालय के समीपस्थ कुबेरेश्वरधाम पर आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सुबह दस बजे धाम पर पहुंचे पंडित श्री मिश्रा के मार्गदर्शन में हजारों की संख्या में आए श्रद्धालुओं ने बाबा की आरती की और उसके पश्चात अपने प्रवचन में कहा कि भगवान शिव ऐसे देव हैं जो अपने भक्तों का सदैव कल्याण करते हैं। सच्चे मन से की गई शिव आराधना कभी व्यर्थ नहीं जाती और महादेव अपने भक्तों के जीवन से दुख, संकट और बाधाओं को दूर कर सुख, शांति एवं समृद्धि प्रदान करते हैं। भगवान शिव को भोलेनाथ इसलिए कहा जाता है क्योंकि वे अपने भक्तों की छोटी-सी भक्ति से भी प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान का जाप करता है, उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगते हैं और महादेव की कृपा सदैव बनी रहती है। पंडित मिश्रा ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन भगवान शिव का स्मरण करें, शिवलिंग पर जल अर्पित करें तथा मानव सेवा को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि जहां सेवा, संस्कार और शिव भक्ति होती है, वहां भगवान शिव की कृपा अवश्य बरसती है।

### महिलाएं पहुंची कलेक्ट्रेट अतिक्रमण हटाने की मांग

**सीहोर।** हैदरगंज डेन्डी में किसानों ने ही किसानों का रास्ता रोक दिया। महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई। किसानों के द्वारा किए गए सरकारी रास्ते पर अतिक्रमण को हटवाने की मांग प्रशासन से की गई। महिलाओं का कहना था कि ग्राम पंचायत को भी लिखित में दे दिया है। तहसीलदार पटवारी को भी बता दिया है लेकिन अतिक्रमण नहीं हटवाया जा रहा है। खेतों पर आने जाने में दिक्कत हो रही है। खेती किसानी का काम ठप हो गया है। खेतों में बोवनी नहीं की गई तो भूखें मरने की नौबत आ जाएगी। अतिक्रमण कर्ता ट्रेक्टर ट्राली नहीं निकलने दे रहे है। अतिक्रमणकर्ता कुछ किसान दादागिरी कर रहे है मारपीट की धमकी दे रहे है। जबकी यह शासकीय रास्ता है इस का खसरा नम्बर 20 है जिस पर किसानो ने अवैध कब्जा किया है। शासकीय रास्ते का सीमांकन भी नहीं किया गया है।

# हड़ताल पर आशा उषा कार्यकर्ता करेंगी अब हल्ला बोल आंदोलन, लंबित हैं कई मांगें

**जागरण, सीहोर।** हड़ताल पर चल रही आशा उषा कार्यकर्ता अब हल्ला बोल आंदोलन करेंगी। जिले भर की आशा उषा कार्यकर्ता मंगलवार को टाउनहाल के पास एकात्रित हुई। इधर आशा उषा की हड़ताल से स्वास्थ्य विभाग के कार्य पर बहुत गहरा असर पड़ रहा है मातृ एवं शिशु टीकाकरण डिलीवरी अन्य काम ठप हो गए है।

फूल नहीं चिंगारी है हम भारत की नारी के नारों के साथ आशा उषा कार्यकर्ता ने लंबित है अनेक मांगों को लेकर आंदोलन की रणनीति तैयार की। आशा उषा महिला संगठन प्रदेश अध्यक्ष नर्मदा ठाकरे के निर्देश पर जिलाध्यक्ष सीमा चौहान ने आंदोलन का आहवान किया। आशा उषा महिला संगठन जिला कोषाध्यक्ष मीना राठौर ने मांगों का वाचन किया। जिला उपाध्यक्ष सरिता विश्वकर्मा ने पूर्व में सरकार के द्वारा किए गए वादों से आशा उषा कार्यकर्ताओं को अवगत कराया।



सरकार के दोगले रवैया से हम परेशान है आशा उषा कार्यकर्ता विकट परिस्थितियों में भी 24 घंटे सरकार और जनता के लिए काम करती है। फिर भी सरकार आशा उषा कार्यकर्ताओं को नियमित कर्मचारी नहीं मानती है अच्छी सैलरी भी नहीं देती है अनेक मांगे लंबित है लेकिन सरकार सुनने को तैयार नहीं है इस लिए हम हड़ताल करने पर विवश हुए है। हमारे द्वारा किए गए कई धरना प्रदर्शन ज्ञापन के बाद भी नियमितिकरण और वेतन बढोतरी नहीं की जा रही है। यही नहीं केंद्र सरकार प्रति वर्ष एक हजार रूपये सैलरी बढ़ाने के वादं को भी पूरा नहीं कर रही है। जिलाध्यक्ष सीमा चौहान नेराष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत ग्रामीण एवं शहरी आशा कार्यकर्ता को प्रोत्साहन नहीं दिया जा रहा है। जबकी मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर में कमी संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना टीकाकरण परिवार नियोजन कुपोषण नियंत्रण संक्रामक रोग रोकथाम तथा सरकार के द्वारा संचालित प्रत्येक राष्ट्रीय स्वास्थ्य अभियान को सफल बनाने में आशा एवं उषा कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण एवं निर्णायक होती है। इस के बाद भी आशा उषा कार्यकर्ता न्यूनतम वेतन नियमित कारण मानदेय पेंशन ग्रेविटी सामाजिक सुरक्षा एवं सुरक्षित कार्य वातावरण जैसी बुनियादी अधिकार से वंचित है।

दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए दी चेतावनी, भवन मालिकों से तत्काल मरम्मत कराने की अपील

# बारिश से पहले नगर पालिका की कार्रवाई, जर्जर मकानों को किया जमींदोज

**जागरण, सीहोर।** आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए नगर पालिका ने नगर में जनसुरक्षा के मद्देनजर जर्जर एवं खतरनाक भवनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी क्रम में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में चिन्हित किए गए जर्जर मकानों को नगर पालिका अमले द्वारा जमींदोज किया गया। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने भवन स्वामियों को आवश्यक निर्देश देते हुए सुरक्षा मानकों का पालन करने की चेतावनी भी दी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पालिका के प्रभारी राजस्व अधिकारी संजय शुक्ला ने बताया कि नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह के निर्देश पर बारिश के पूर्व यह कार्रवाई की जा रही है। पूर्व में नगर के चरखा लाइन में एक मकान क्षतिग्रस्त होने के कारण बुजुर्ग महिला मृतक हो गई थी, वहीं अनेक मकान शहर में जर्जर है। इसको लेकर हाउसिंग बोर्ड में एक दर्जन जर्जर मकानों पर नगर पालिका सहायक यंत्री विजय कोली और वैभव लोवनिया, अतिक्रमण प्रभारी तिलक वर्मा आदि मौजूद थे।

राजस्व प्रभारी श्री शुक्ला ने कहाकि बरसात के दौरान पुराने एवं क्षतिग्रस्त मकानों के गिरने की आशंका बनी रहती है,



जिससे जनहानि और संपत्ति को नुकसान पहुंच सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए तकनीकी निरीक्षण के बाद अत्यधिक जर्जर एवं खतरनाक घोषित भवनों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नगर पालिका की टीम अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि जिन भवनों की स्थिति कमजोर है, उनके मालिकों को पूर्व में नोटिस जारी कर आवश्यक मरम्मत अथवा भवन हटाने के निर्देश दिए गए थे।

निर्धारित समयावधि के बाद भी सुधार नहीं होने पर यह कार्रवाई की गई। नगर पालिका ने नागरिकों से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई भवन जर्जर अवस्था में है तो उसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दें। साथ ही भवन मालिकों से कहा गया है कि वे अपने पुराने एवं क्षतिग्रस्त मकानों की समय रहते मरम्मत कराएं, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। नागरिकों की सुरक्षा नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बारिश के मौसम में किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और आगे भी ऐसे भवनों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

### मांगों को लेकर किया कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**सीहोर।** खामलिया नरेला के किसानों ने आठ सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे किसानों का नेतृत्व करणी युवा सेना के जिलाध्यक्ष किसान कुलदीप सिंह राजपूत ने किया। तहसीलदार अमित सिंह को दिए ज्ञापन में कहा गया कि किसानों को आपस में सेटेलाईट सीमांकन लड़ा रहा है। किसानों की जमीनों को अदला बदला जा रही है। राजस्व रिकार्ड और पूराने जमीनों के नक् शों में फेर बदल किया जा रहा है। खसरा नम्बरों में अदला बदली कर किसानों की कीमती जमीनों को हड़पने की साजिश की जा रही है।

# नीलगंगा से केटीएम शोरूम के बीच चौड़ीकरण में बाधक गैलरियां हटेंगी

### मंदिरों के विस्थापन के निर्देश निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों को दिए



**जागरण उज्जैन।** नीलगंगा चौराहे से लेकर केटीएम शोरूम तक चल रहे सड़क चौड़ीकरण काम में बाधक बन रहे मकानों की गैलरियों को हटाने और मंदिरों के विस्थापन के निर्देश निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों को दिए हैं। आयुक्त रविवार दोपहर कामकाज देखने पहुंचे थे। उन्होंने चौड़ीकरण के तहत राइट ऑफ वे यानी सड़क की जद में आ रहे धार्मिक स्थलों और अन्य निर्माणों को लेकर निर्देशित किया कि मंदिरों का नियमानुसार ससम्मान विस्थापन किया जाए। इसके साथ ही विद्युत लाइन (बिजली के तारों) में बाधा बन रहे मकानों के छज्जों को तुरंत हटवाएं। प्रभावित मकानों के विस्थापन की कार्रवाई भी जल्द पूरी करने के निर्देश दिए।

वैकल्पिक मार्ग शुरू करें, पेड़ शिफ्ट होंगे आयुक्त ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण कार्य के साथ-साथ क्षेत्र में सीवर लाइन डालने के काम को भी गति दी जाए, ताकि एक ही मार्ग पर बार-बार खुदाई न करनी पड़े। उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए निर्देश दिए कि वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग को तुरंत चालू किया जाए। उन्होंने नानाखेड़ा चौराहे पर बन रही रिटेनिंग वॉल के निर्माण कार्य को तेज करने के लिए मौके से अतिक्रमण को हटाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए गए। उन्होंने सड़क निर्माण की जद में आ रहे पेड़ों को बिना नुकसान पहुंचाए उचित रूप से दूसरी जगह शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए। उनके साथ नगर निगम के कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, लक्ष्मण प्रसाद साहू, सहायक यंत्री मुकुल मेश्राम सहित निर्माण एजेंसी के ठेकेदार और कंसलटेंट भी थे।

#### निर्माण कार्य की गति धीमी होने पर निर्माण एजेंसी पर नाराजगी जाहिर की

संभागायुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह ने नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में मार्ग चौड़ीकरण कार्य और निर्माणाधीन हरीफाटक रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण किया।

इस दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने ब्रिज निर्माण कार्य की गति धीमी होने पर निर्माण एजेंसी पर नाराजगी जाहिर की और मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) के अंतर्गत बन रही महत्वपूर्ण परियोजना हरीफाटक रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ब्रिज निर्माण कार्य की धीमी गति से कार्य प्रभावित होने पर संभाग आयुक्त श्री सिंह द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माणकर्ता एजेंसी रवि इंफ्राविल्ड प्रोजेक्ट लिमिटेड, राजस्थान पर 5 लाख रुपए की पेनल्टी लगाने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त श्री सिंह ने चौड़ीकरण कार्य के दौरान पाइप लाइन लीकेज होने पर नाराजगी जाहिर कर तत्काल सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे।

सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत प्रचलित निर्माण कार्यों के नियमित निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त श्री आशीष सिंह द्वारा नगर निगम के माध्यम से किए जा रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। कंठाल चौराहे से सतीगेट, छोटा सराफा से खड़े हनुमान मंदिर तक निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी को एक साइट से नाली निर्माण करने और मार्ग में फैला मलबा हटाने के निर्देश दिए।

संभाग आयुक्त श्री सिंह ने पुरानी पानी की टंकी के पास छत्री चौक की ओर जाने वाले मार्ग को आमजनों के आवागमन की सुविधा के लिए सुधार करने के निर्देश निगम आयुक्त श्री मिश्रा को दिए।

संभागायुक्त श्री सिंह ने टंकी चौक चौराहे पर पाइप लाइन लीकेज होने पर नाराजगी जताते हुए निर्देश दिए कि तत्काल पाइप लाइन का सुधार कार्य कराया जाए।

## न्यूज कार्नर

### मनरेगा योजना में महत्वपूर्ण कार्यों को विगत 3 वर्षों से सरकार ने नहीं दी स्वीकृति



**जागरण नागदा।** नागदा खाचरोद व उज्जैन जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत की मांग खेत सडक, सुदूर सड़क, व् शांतिधाम सड़क व पशु सेट का हो निर्माण। मनरेगा योजना से होने वाले महत्वपूर्ण निर्माण इस वर्ष भी पूरा ग्रीष्मकाल में भी नहीं हुआ। महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना के कई मुलभुत निर्माण कार्य 1 अक्टूम्बर से 15 जून तक निर्माण कार्य होना होता है परन्तु पुरे ग्रीष्मकाल में ऐसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य नहीं हुए मनरेगा योजना का बदला गया नाम जी राम जी 1 जुलाई से लागू करने की बात कही जा रही है जबकि मनरेगा योजना में 15 जून से निर्माण कार्य पर प्रतिबन्ध लग जाता है व सरकार 1 जुलाई से लागू करने का दावा कर रही है जबकि 15 जून से सरकार खुद इस योजना के निर्माण पर प्रतिबन्ध लगा देती है और ना ही मजदूरो का मानदेय बढाया गया केंद्र कांग्रेस सरकार द्वारा महात्मा गाँधी रोजगार गारंटी योजना लागु की गयी थी जिसमें किसानों को सिचाई हेतु 2 लाख रु. का निशुल्क कूप निर्माण किये जाने का प्रावधान किया गया था व पशु मालिक को पशुओ के लिए 1 लाख रु. तक का पशु सेट यानि पशु आवास योजना लागु की गयी थी ऐसी कई महत्वपूर्ण योजना को भाजपा सरकार ने प्रमुखता से कार्य नहीं किया अगर पर्याप्त कूप निर्माण होता तो जल भराव होता जल वाटर बड़ता व् सिचाई रकबा बड़ता और साथ ही पर्याप्त मात्र में पशु सेट बनाए जाते तो पशु पालन होता व् दूध की वृद्धि होती व जेविक खेती को भी बड़ावा मिलता इन महत्वपूर्ण निर्माण कार्य को बढावा ना देते हुए सरकार जल गंगा संवर्धन का दिखावा कर रही है धरातल पर इस योजना का कोई लाभ नहीं मिल रहा है सरकार ने मनरेगा योजना का नाम बदलकर इस वर्ष भी ग्रामीणों को योजना से वंचित किया है।

### एआई के दौर में शिक्षकों को बनना होगा टेक-सैवी

**जागरण उज्जैन।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति और तकनीक के इस तेजी से बदलते दौर में शिक्षकों को निरंतर अपडेट रहना होगा। आज का विद्यार्थी तकनीक से भली-भांति परिचित है, इसलिए शिक्षक का टेक-सैवी होना भी आवश्यक है। पहले उत्कृष्ट शिक्षक की पहचान चाक एंड टॉक पद्धति से होती थी, लेकिन आज स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल संसाधन और एआई जैसे साधनों का प्रभाव बढ़ गया है।

# पत्नी ने पति को हथौड़े से हमला कर पति को उतारा मौत के घाट

### उन्हेल पुलिस ने अंधे कत्ल का 6 घंटे में किया खुलासा



**जागरण उन्हेल।** नागदा सीएसपी विक्रम अहिरवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अंधे कत्ल किया खुलासा नागराज मंदिर के पीछे बेडावन रोड स्थित एक युवक का शव उसके ही घर में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला पूरे इलाके में अफरातफरी मच गई ।

सुबह जब मृतक की पत्नी ने सुबह उठकर देखा तो पास में खून से लथपथ पति की लाश पड़ी हुई मिली पति की लाश देखकर पत्नी बेहाल हो गए इसकी सूचना आसपास वाले को मिली जहां पड़ोसियों ने इसकी सूचना 112 डायल पर दी सूचना मिलने पर थाना प्रभारी संतोष चौहान भी घटनास्थल पहुंचे और परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने नागदा सीएसपी विक्रम अहिरवार डॉग एस्कॉर्ट व फोरेंसिक टीम सहित फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को सुचना दी शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी जहां युवक की शिनाख्त विक्रम पिता अशोक 35 वर्ष में रूप में हुई है। मौत किन कारणों से हुई पुलिस हर पहलू से मामले की पड़ताल कर रही है प्रथम दृष्टि से मामला हत्या का बताई जा रहा था।

पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतक कि पत्नी राधिका उफ माधुरी को हिरासत में लेकर पूछताछ में पति शराब पीने का आदी था आए दिन अपनी पत्नी के साथ गाली गलौज और मारपीट करता था ऐसा ही सोमवार रात्रि को भी दोनों के बीच गाली गलौज और मारपीट हुई हुए थी।

ऐसा लगता है कि सिर पर गहरी चोट लगने से मौत होने की संभावना जताई जा रही है हालांकि पुलिस द्वारा इस मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है जल्द ही खुलासा किया जाएगा

मृतक का 11 वर्ष का एक लड़का भी बताया जा रहा है पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला विवेचना में लिया गया।

# जिज्ञासा समाधान के माध्यम से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन



**जागरण तराना।** विश्व हिन्दू परिषद जिला उज्जैन ग्रामीण का तीन दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग 14, 15 एवं 16 जून 2026 को तराना प्रखंड में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में पूज्य संत श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर रामेश्वरदास महाराज का आशीर्वचन प्राप्त हुआ। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री मोहनसिंह राठौड़ ने विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना, उद्देश्य एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए संगठन के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

वर्ग के द्वितीय दिवस में प्रांत मंत्री विनोद शर्मा ने जिज्ञासा समाधान सत्र के माध्यम से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया तथा संगठन के समक्ष उपस्थित आंतरिक एवं बाह्य चुनौतियों और उनके समाधान विषय पर विस्तार से चर्चा की।

समापन सत्र में मातृशक्ति प्रांत संयोजिका श्रीमती आरती अजय जायसवाल ने कार्यकर्ता के गुण विषय पर प्रेरणादायी उद्बोधन देते हुए संगठन कार्य में समर्पण, अनुशासन एवं सेवा भाव के महत्व को बताया।

तीन दिवसीय अभ्यास वर्ग में बौद्धिक, शारीरिक, संवाद, कृति एवं सत्संग सत्रों के माध्यम से पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। वर्ग में प्रांत सहसंयोजक मुकेश पाटीदार, जिला अध्यक्ष एवं वर्ग पालक नारायणसिंह पंवार, जिला मंत्री एवं वर्ग बौद्धिक प्रमुख नागेश्वर राठौर तथा जिला संयोजक एवं पर्यवेक्षक जीवनसिंह गुर्जर द्वारा विभिन्न सत्रों का संचालन एवं मार्गदर्शन किया गया।

वर्ग की व्यवस्थाओं में बनेसिंह मालवीय, नितेश तंवर, राकेश आंजना, अर्जुन धनगर, आयुष जायसवाल, शंकर सिंह आंजना, सोनू शर्मा, मोहनसिंह सिसोदिया, राकेश कुमावत, राहुल आंजना, राम सिंदरसिया, रघुनाथ मालवीय, सुनील पाटीदार एवं प्रणव मित्तल सहित व्यवस्था टोली के कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शासकीय हाई स्कूल करेड़ी माताजी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न



**जागरण तराना।** शासकीय हाई स्कूल करेड़ी माताजी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व भाजपा कनासिया मंडल अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर एवं ग्राम पंचायत सरपंच गंगाराम गुर्जर भाजपा नेता फूलसिंह गुर्जर उपस्थित रहे।


कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष फूलसिंह गुर्जर ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया तथा लगन और अनुशासन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का आधार है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कारपेंटर, वरिष्ठ शिक्षक जगदीश बामनिया, शिक्षक फूलसिंह गुर्जर सहित विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर नए शैक्षणिक सत्र का स्वागत किया।

# उन्हेल नगर परिषद के कर्मचारी का नया कारनामा, स्वामित्व प्रमाण-पत्र पर किए फर्जी हस्ताक्षर, सीएमओ बोले- मेरे नहीं हैं

**जागरण उन्हेल।** नगर परिषद उन्हेल के एक कर्मचारी ने सीएमओ के बिना आदेश के खुद ही सीएमओ बनकर फर्जी हस्ताक्षर कर एक घर स्वामित्व प्रमाण पत्र घर मालिक को जारी कर दिया। यह मामला जब खुलासा हुआ कि पीड़ित व्यक्ति न्यायालय के समक्ष अपने बयान नहीं रख सका तो पीड़ित व्यक्ति ने आपत्ती लगाकर जानकारी जुटाई जिसमें यह खुलासा सामने आया यह है मामला।

पीड़ित व्यक्ति अशोक पिता कन्हैयालाल ने आरोप लगाया कि नगर परिषद के कर्मचारी ने रमेशचन्द्र पिता कन्हैयालाल नाथ निवासी यति गली 1 उन्हेला के नाम से भवन क्रमांक 37 पर संपत्ति कर पंजी में जीआईएस सर्वे अनुसार दर्ज होकर उनके द्वारा , प्रस्तुत सत्यापित शपथ पत्र अशोक कुमार पिता कन्हैयालाल परमार के द्वारा उल्लेख किया गया है। इस तरह का प्रमाणीकरण आवेदन बनाकर नगर परिषद सीएमओ की गैर मौजूदगी में हस्ताक्षर कर दिए और प्रमाण पत्र जारी कर दिया। मामले में जब पता चला तो पीड़ित अशोक पिता कन्हैया लाल रजिस्ट्रार कार्यालाय पहुंचा तो वहां दस्तावेज संदिग्ध पाए गए। अधिकारियों ने प्रमाण पत्र की सत्त्यत्ता की जांच कराने के लिए व नगर परिषद कार्यालय में दस्तावेज की जांच और नगर परिषद सीएमओ जितेन्द्र सिंह राणा से चर्चा की गई। जहां उन्होंने स्पष्ट मना किया कि मेरे हस्ताक्षर नहीं है यह कर्मचारी द्वारा किए गए हैं और मैंने कोई प्रमाणीकरण जारी नहीं किया है। शिकायतकर्ता कर्मचारी केपास पहुंचे कि आपके द्वारा जो प्रमाण पत्र जारी किया वह फर्जी हस्ताक्षर है कर्मचारी ने कहा कि नगर परिषद सीएमओ के आदेश पर हस्ताक्षर किए गए हैं।




नगर परिषद सीएमाओ व कर्मचारी एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। फर्जी प्रमाण पत्र जारी करने को लेकर नगर परिषद सीएमओ जितेन्द्र सिंह राणा ने चर्चा में बताया कि मैं उस दिन अवकाश पर था मैंने कोई प्रमाणिक पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। प्रमाण पत्र पर फर्जी हस्ताक्षर को लेकर नगर परिषद कर्मचारी से चर्चा की तो उन्होंने बताया कि सीएमओ के आदेश पर ही हस्ताक्षर किए गए हैं। पीड़ित शिकायतकर्ता ने आरोप यह भी लगाए की कर्मचारी ने पैसे दे कर यह प्रमाणपत्र जारी किया है।

लेनदेन को लेकर यह फर्जी प्रमाणा पत्र और फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। जब फर्जी हस्ताक्षर मामले की पड़ताल की गई तो नगर परिषद सीएमओ और कर्मचारी के अलग-अलग हस्ताक्षर देखने को भी मिले। हालाकि फर्जी हस्ताक्षर मामले को नि लेकर जांच शुरू की जाए तो आगे और खुलासे होने के मामले सामने आ सकते हैं।

### उज्जैन के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का नाम सावित्रीबाई फुले रखने की मांग

**जागरण उज्जैन।** शहर के नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का नाम सावित्रीबाई फुले के नाम पर रखने की मांग उठी है। इस संबंध में अखिल भारतीय माली समाज विकास परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा को सौंपा है।

विधायक कालूखेड़ा वरिष्ठ नेताओं से भेंट के क्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र सांखला के निवास पर पहुंचे थे। इसी दौरान सांखला ने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में विधायक को यह ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले के लाखों अनुयायी निवास करते हैं।

सुरेंद्र सांखला ने कहा कि सावित्रीबाई फुले शिक्षा की देवी हैं, जिन्होंने समानता और लोगों के मूल अधिकारों की रक्षा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उज्जैन मुख्यमंत्री का गृह क्षेत्र है, ऐसे में उनसे अपेक्षा है कि वे इस मांग पर तत्काल निर्णय लें।

नवनिर्मित मेडिकल कॉलेज का नामकरण सावित्रीबाई फुले के नाम पर होने से समाज में समानता के भाव को बल मिलेगा और यह माली समाज सहित समूचे पिछड़े वर्ग के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा।

### अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर परिषद कर्मचारी आपस में भिड़े

#### मारपीट और गाली गलौज जान से मारने की धमकी दी



**जागरण उन्हेल।** नगर में विगत सोमवती अमावस्या के अवसर पर नए बस स्टैंड पर व्यवस्था संभालने पहुंचे नगर परिषद के कर्मचारी व्यवस्था सुधारने के बजाए आपस में ही भिड़ गए।

इस मामले ने तुल पकड़ हुए दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी ने मारपीट को लेकर उन्हेल थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की गई शिकायतकर्ता दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी बद्री लाल माली ने आवेदन देकर बताएं कि 15 जून को वह नवीन बस स्टैंड उन्हेंल में रोड पर वाहनों का जमावड़ा हो रहा था ।

इसको लेकर जनप्रतिनिधियों के आदेश पर रोड पर खड़े वाहनों को हटाने सुचिता पर भारी दरोगा दिलीप प्रजापत के साथ दो सफाई कर्मचारियों के। सा टीम लेकर नवीन बस स्टैंड ट्रैफिक हटाने के लिए करीब 4ः00 बजे पहुंचे थे जहां अतिक्रमण हटाने को लेकर कर्मचारी व वेतन भोगी कर्मचारी के साथ गाली गलौज और और शब्दों का उपयोग करने को लेकर विवाद हो गया शिकायतकर्ता कर्मचारी ने आरोप लगाए की दोनों कर्मचारी दारू के नशे में थे और दोनों कर्मचारियों ने गाली गलौज कर कालर पकड़ कर जान से मारने की धमकी दी गई इसको लेकर दोनों कर्मचारियों के खिलाफ उन्हेल थाने में जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

# 111 बेटियों ने की ठाकुर जी के सम्मुख भावपूर्ण राग सेवा



**जागरण उज्जैन।** अधिक मास के समापन अवसर पर आचार्य महाप्रभु जी की बैठक में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन संपन्न हुआ। यहाँ श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल एवं महिला मंडल के तत्वावधान में वेणुनाद निनाद नृत्य संस्थान की 111 बालिकाओं ने ठाकुर जी के सम्मुख भावपूर्ण राग सेवा प्रस्तुत की। संस्था की निर्देशिका पलक पटवर्धन के नेतृत्व और बैठक जी के ट्रस्टी विट्ठल नागर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रस्तुति को देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। एक ही यूनिफॉर्म में सजी बेटियों के अनुशासन और कलात्मक प्रदर्शन ने किसी राष्ट्रीय स्तर के बड़े कार्यक्रम की अनुभूति कराई।

संस्थान के सदस्य अंजलि चावड़ा, उन्नति बोलगे, अक्षरा जोशी, युग भार्गव और चंचल बोलगे के सहयोग से आयोजित इस सत्र में बालिकाओं ने मंगलाचरण से शुरुआत की। इसके बाद कृष्ण वंदना, अच्युतम केशवम, भये प्रकट कृपाला, मुकुंदा मुकुंदा, रामा अष्टक, मधुराष्टक, नाचे गिरधारी, राधे रानी दे डालो बंसी, आश्रय का पद और दृढ़ इन चरणन पर अत्यंत सुंदर प्रस्तुतियां दीं।

मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि कार्यक्रम के अंत में प्रसादी वितरण के साथ ही विगत एक माह से चल रहे अधिक मास के दर्शनों का क्रम संपन्न हुआ। अब अगला अधिक मास सिंहस्थ के पश्चात वर्ष 2029 में आएगा, हालांकि हवेली में नियमित दर्शनों का क्रम निरंतर जारी रहेगा।

इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष जयेश श्रॉफ, सहसंयोजक आनंद पुरोहित, नूपुर नीमा, समन्वयक हेतल शाह, विशाल नीमा, युवा मंडल अध्यक्ष नितिन नीमा, कार्यकारी अध्यक्ष अमर दिशावल, बालकृष्ण नीमा, सुनील नीमा, संजय शाह, पवन त्रिपाठी, हेमंत जी, संजय सुगंधी, राजेंद्र नीमा, कविता श्रॉफ, श्रीमती वंदना जेथलिया एवं प्रमोद जेथलिया सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# मीनाक्षी नटराज का नामांकन निरस्त को लेकर राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को दिया ज्ञापन



**जागरण उन्हेल।** मंगलवार को मध्य प्रदेश किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष मेहफूज अली व जिला कांग्रेस सचिव जीवन मालवीय के नेतृत्व में तहसीलदार अनिल मौरे को ज्ञापन दिया ज्ञापन में बताएं कि विगत दिनों मध्य प्रदेश सरकार एवं मध्य प्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा छल कपट कर बहन मीनाक्षी नटराज का नामांकरण निरस्त कर दिया गया था जो एक तरह असंवैधानिक है।

आरोप लगाते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग संविधान और कानून को तक में रखकर नए-नए नियम बनाकर देश के संविधान को कमजोर कर रहा है उन्होंने ज्ञापन देते हुए मांग की गई इसकी स्पष्ट जांच होकर निर्वाचन अधिकारी को हटाया जाए मांग की गई ज्ञापन के दौरान पूर्व मंडी उपाध्यक्ष बद्रीलाल आईसर , पार्षद अनिल पटेल , कमलनाथ सद्भावना विचार मंच जिला अध्यक्ष रामकिशोर , गोपाल टंडन , विधानसभा युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष संजय वाक्तलिया , सरपंच मोहन गाजी , अजय चौधरी, शिव सुनहरी, रईस खान , अलीम कुरैशी, घनश्याम खन्ना सोनू मिर्जा, तोलाराम गिरी पुजारी, अनिल पुरी , रतनलाल परमार, सरपंच मोहनलाल गाजी , भगवान लाल , कुशाल सिंह , शंकर सिंह डोडिया , बलराम चौधरी , रवि दायमा , दिनेश दायमा, राहुल मौर्य, धीरज सिंह चौहान ,कालूराम , रामेश्वर चंद्रवंशी ,भंवरलाल चंद्रवंशी, प्रकाश बोडाना , ईश्वर बोढ़ाना , मेहरबान गोयल , अजय चौधरी , सोनू भरावत माली खेड़ी, मदनलाल परमार, यूनुस मंसूरी, भगवान लाल धाकड़ , मुकेश मालवीय , आदि उपस्थित थे।

## न्यूज कार्नर

### महिला पर कुल्हाड़ी से हमला, मामला दर्ज

**जागरण, इटारसी।** रामपुर गुर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम गजपुर में एक महिला पर कुल्हाड़ी से हमला कर चोट पहुंचाने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गजपुर निवासी 35 वर्षीय हेमलता बाई पति राजू बामने ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। यह घटना फरियादिया के घर पर ही घटित हुई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर राजू बामने पिता सुखराम बामने उम्र 38 साल निवासी ग्राम गजपुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### दो भाइयों ने मिल कर युवक को पीटा

**जागरण, इटारसी।** रामपुर गुर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम दमदम में बिजली की डीपी के पास एक युवक के साथ गाली-गलौज कर डंडे और लात-घूंसों से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राम दमदम निवासी 34 वर्षीय उमाशंकर पटेल पिता राजेश पटेल ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने गांव के ही दो सगे भाइयों अयोध्या प्रसाद उर्फ छोटे मुन्ना चौधरी पिता स्व. रामदास चौधरी उम्र 48 साल और दशरथ उर्फ गोलू चौधरी पिता स्व. रामदास चौधरी उम्र 45 साल को आरोपी बनाया है।

### बुजुर्ग से की अभद्रता

**जागरण, इटारसी।** तीखड़ बस स्टैंड के पास विनोद गालर की दुकान के सामने एक 75 वर्षीय बुजुर्ग के साथ गाली-गलौज, धमकी और तोड़फोड़ की घटना हुई है। पुलिस ने पीड़ित बुजुर्ग अनोखीलाल बरकने की रिपोर्ट पर गांव के ही राजा कटारे और राजकुमार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

### युवक से मारपीट

**जागरण, इटारसी।** ग्राम बोरतलाई में शंकर मंदिर के पास स्कूल के सामने एक युवक के साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित रामू उर्फ पुरुषोत्तम पटेल की शिकायत पर गांव के ही तीन युवकों हिमांशु पटेल, अभिषेक सरयाम और आशुतोष चौधरी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्टेशन रोड पर चाकू लहराते पकड़ाया

**जागरण, इटारसी।** इटारसी पुलिस ने गुरुद्वारे के सामने रेलवे स्टेशन रोड पर सरेराह धारदार चाकू लहराकर दहशत फैलाते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। इटारसी थाने के उपनिरीक्षक सुरेश चौहान ने विकास धुर्वे, निवासी तहसील के सामने इटारसी को दबोचा। आरोपी के पास से 13.5 इंच लंबा स्टील का धारदार चाकू जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी पर प्रकरण दर्ज किया है।

### गढ़ी मोहल्ला से पकड़ा अवैध शराब तस्कर

**जागरण, इटारसी।** तवानगर पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गढ़ी मोहल्ला की पुलिया के पास से एक तस्कर को दबोचा है। तवानगर थाने के आरक्षक हेमंत सिंह की मुस्तैदी से पुलिस ने संतोष कहार, निवासी गढ़ी मोहल्ला को अवैध रूप से हाथ भट्टी की बनी महुआ शराब बेचते हुए रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

---

सब्जी-फलों की ठेलियों पर सबसे ज्यादा उपयोग सड़कों पर प्लास्टिक बन रही प्रदूषण का कारण

# प्रतिबंध के बाद भी हो रहा पॉलीथिन का उपयोग, मवेशी भी निगल रहे थैलियां

**जागरण बुधनी।** सरकार द्वारा पॉलिथीन पर लगाए गए सख्त प्रतिबंध के बावजूद शहर में खुलेआम पॉलिथीन का उपयोग जारी है। बाजार, सब्जी मंडी, किराना दुकानों और ठेलों पर दुकानदार बिना किसी डर के प्लास्टिक की थैलियां ग्राहकों को दे रहे हैं। इससे जहां पर्यावरण को भारी नुकसान हो रहा है, वहीं शहर में घूमने वाले मवेशियों की जान भी जोखिम में है।शहर के मुख्य मार्ग, चौराहों और कचरा स्थलों पर पॉलिथीन के ढेर दिखाई दे रहे हैं। कई बार देखा गया है कि भटकते हुए मवेशी इन पॉलिथीन को भोजन समझकर निगल लेते हैं, जिसके चलते उनके पेट में गांठ बन जाती है।



पशु चिकित्सकों के अनुसार यह स्थिति मवेशियों की जान तक ले सकती है। इसी लापरवाही का फायदा उठाकर व्यापारी पॉलिथीन का धड़ल्ले से उपयोग कर रहे हैं।पर्यावरण प्रेमियों ने प्रशासन से मांग की है कि पॉलिथीन की बिक्री और उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जाए, जुर्माना लगाया जाए और दुकानों की नियमित जांच की जाए। साथ ही नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे पर्यावरण और मवेशियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए थर्मोकोल और पॉलिथीन का उपयोग पूरी तरह बंद करें।सिंगल युज प्लास्टिक पर सरकार ने बैन लगा दिया था लेकिन लोगों में जागरूकता की कमी कारण नहीं मिल रही है सफलता पॉलीथिन पर प्रतिबंध का नहीं दिख रहा असर सरकार द्वारा पॉलिथीन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाए जाने के निर्देश दिए गए थे नगर में पॉलिथीन प्रतिबंध को लेकर जागरूकता काअ भाव दिखाई दे रहा है।

आलम यह है कि लोग पॉलिथीन में सामान लाते हैं और ले जाते नजर आ रहे हैं प्रतिबंध के बावजूद नगर व ग्रामीण इलाकों में पॉलिथीन का इस्तेमाल खुलेआम किया जा रहा है यहां तक कि बाजारों से सब्जी के ऋता विक्रेता से लेकर दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से किया जा रहा है उल्लेखनीय है कि पहले भी पॉलिथीन को लेकर छापे मार कार्रवाई की गई लेकिन कुछ दिन के बाद स्थिति फिर से वैसी हो जाती है नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी आदेशों की खुलेआम अबेलाना की जा रही है।पॉलिथीन बैग का इस्तेमाल कर फेंक देने से मिट्टी प्रदूषित होती है पॉलिथीन बैग सालों तक मिट्टी में रहने के बावजूद भी नहीं पड़ती और नालियों में जल जमाब का कारण भी उत्पन्न करती है पॉलिथीन जागरूकता को लेकरकुछ दुकानदारों ने अपने अपने दुकान पर नोटिस चस्पा कर दिया है कि और ग्राहकों को जागरूक करते हुये घर से थैला लाने की बोला जा रहा है।

वहीं कुछ दुकानदार ने कपड़े के वेग मंगवा लिये जिसमें सामान दे रहे हैं लेकिन मार्केट में अभी भी कई दुकानदारों चोरी छिपे पॉलिथिन का उपयोग कर रहे हैं और चुपके चुपके से सामान रखकर दे रहे हैंजिसमें सब्जी दुकान वाले, और अन्य किराना व्यवसायी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करते दिखाई दिये जिस पर अभी तक प्रशासन ने कार्यवाही नहीं की 1 जनवरी से सिंगल यूज़ प्लास्टिक का बहन का असर मिलाजुला दिखाई दे रहा है 1 जुलाई से अचानक ही सिंगल यूज प्लास्टिक पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद ग्राहकों को सामान देने के लिए व्यापारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है प्रतिबंध से व्यापारी और उपभोक्ता दोनों ही की इसकी असमंजस में है बाजार में सस्ते दामों के बैग भी उपलब्ध रहेंगे प्लास्टिक के बैग का कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था बाजार में उपलब्ध नहीं हैग्राहक घर से बिगर झोले की आ रहा है ऐसे में दुकानदारों के पास रखी हुई पुरानी पन्नी हो को चोरी छुपे सामान रखे दे रहे हैं वही समझाइश भी दे रहे हैं कि घरों से झोला लेकर आएं लेकिन कई ग्राहक कपड़े के झूले और बैग पर अतिरिक्त भार की बात कह रहे हैं जिनका अतिरिक्त भार उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है और उनका कहना है कि कोई सस्ता विकल्प उपलब्ध नहीं हैकुछ दुकानों पर डरते डरते व्यापारी पॉलिथीन दे रहे है।

#### मवेशियों के लिए जानलेवा है पॉलिथीन

दरअसल पॉलिथीन का उपयोग कर लोग इसे खुले स्थान पर इधर-उधर फेंक देते हैं पॉलिथीन में खान-पान सामग्री लगी होने कारण मवेशी पॉलिथीन भी खा जाती है अन्य दुष्प्रभाव भी हो रहे हैं जिस पर प्रशासन को अंकुश लगाना चाहिए बावजूद इसकी रोकथाम को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहा हैअमानक पॉलीथिन का उपयोग मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए घातक है डॉक्टरों की मानें तो नान वायो ग्रेडेबल श्रेणी में आने वाली पॉलिथीन सेहत की दृष्टि से भी घातक है पॉलिथीन में मौजूद कर कॉरसीजॉन से एलर्जी व कैंसर जैसी बीमारी हो सकती है इसके चलते ही पर्यावरण मंत्रालय ने 40 माइक्रान से कम मोटाई वाली पॉलिथीन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है बावजूद इसके नगर एवं ग्रामीण में अमानक पॉलीथिन का उपयोग हो रहा है।

यह लंबे समय तक मनुष्य जीवन को प्रभावित करती है खाने पीने की चीजें खासकर गर्म पॉलिथीन में रखे जाने से जहरीला तत्व विकसित हो जाता है और गर्म भोजन में हानिकारक कार्यों जॉन व टाशन पैदा करते हैं इस से एलर्जी व कैंसर होता है पानी के स्रोतों में पहुंचने से ऑक्सीजन की कमी हो जाती है और जलीय पर्यावरण बिगड़ता है प्लास्टिक व पॉलिथीन जलने पर कार्बन वाह हाइड्रोजन निकलता है जिससे वायु प्रदूषण होता है पॉलिथीन खाने से गाय के पागल हो जाने जैसी स्थिति को भी खतरा हो जाता है। पॉलिथीन के बढ़ते उपयोग को रोकने ना केवल नियम बने बल्कि प्रतिबंध भी लगाया गया यहां तक कि पर्यायवर्गियों ने भी जताया लेकिन ना तो जनता जागरूक कोई और ना ही अफसरों ने जिम्मेदारी निभाई परिणाम स्वरूप नगर व ग्रामीण क्षेत्र में अमानक पॉलीथिन का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है।

---

# किसान अब खोखले आश्वासनों से थक चुका है : मस्ताल



**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** मध्यप्रदेश की राजनीति में इन दिनों पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक वीडियो चर्चा का विषय बना हुआ है। इस वीडियो में चौहान मंच से जनता को बार-बार खड़ा न करने और उन्हें परेशान न करने की नसीहत देते हुए दिखाई दे रहे हैं। अब इसी मुद्दे को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सचिव और अभिनेता विक्रम मस्ताल शर्मा ने तीखा हमला बोला है। मस्ताल ने चौहान की संवेदनशीलता पर सवाल उठाते हुए कहा कि मंच पर पाँच मिनट खड़े रहने को जनता की परेशानी मानने वाले नेता को क्या खेत और पेट्रोल पंपों पर घंटों कतारों में खड़ा किसान दिखाई नहीं देता? उन्होंने तंज कसते हुए कहा अगर मंच पर जनता को खड़ा रखना परेशानी है तो डीजल और खाद के लिए घंटों लाइन में खड़ा किसान क्या पिकनिक मना रहा है? ऐसा लगता है कि शिवराज जी की संवेदनशीलता केवल कैमरों के सामने और मंच की चमक-धमक तक ही सीमित है। इसके पूर्व भी मस्ताल के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ों की कटाई न होने और पेड़ों से लिपटकर इनका संरक्षण करने का जो वीडियो वायरल हुआ था उसे पर भी तंज कसा था।

#### आधुनिक मशीनों का दिखावा या किसानों का उड़ाया मजाक

हाल ही में शिवराज सिंह चौहान द्वारा आधुनिक मशीनों के जरिए धान की रोपाई करने और स्वयं को किसान सिद्ध करने की कोशिशों पर मस्ताल ने पलटवार किया है। उन्होंने इसे राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने प्रश्न किया कि क्या प्रदेश की अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत हो गई है कि एक सामान्य किसान इन महंगी आधुनिक मशीनों का खर्च उठा सके? मस्ताल ने पूछा कि यदि किसान कर्ज लेकर या अपनी जमा-पूंजी से ये मशीनें खरीद भी ले तो उसे चलाने के लिए आवश्यक डीजल कहाँ से लाएगा? जब डीजल के लिए किसान को घंटों पंपों पर लाइन में लगना पड़ रहा है तो यह मशीनें खेत में खड़ी-खड़ी धूल फांकेंगी।

उन्होंने कहा खेत में मशीनें चलाकर किसान होने का दिखावा करने से कुछ नहीं होगा। हकीकत यह है कि किसान की आय इतनी नहीं है कि वह आधुनिक संसाधनों का बोझ झेल सके। आप मंच संचालन और कैमरों की चिंता छोड़िए। यदि सच में किसानों का भला करना है तो जमीनी हकीकत पर काम कीजिए। उन्होंने खाद की कालाबाजारी पर भी प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया। मस्ताल ने कहा कि प्रदेश के साथ बुधनी विधानसभा में खाद की भारी किल्लत है। खुलेआम कालाबाजारी हो रही है। लेकिन प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। जिन आदिवासी भाइयों को मंचों से परिवार बताया जाता है। आज वह खाद और संसाधनों के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

#### भाषण नहीं, समाधान चाहिए, बंद होना चाहिए शोषण की राजनीति

विक्रम मस्ताल ने कृषि मंत्री और सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रदेश का किसान अब खोखले आश्वासनों से थक चुका है। उन्होंने कहा कि किसान को मंचों पर होने वाली नौटंकी नहीं, बल्कि खेत के लिए खाद, सिंचाई के लिए बिजली और डीजल की सुगम उपलब्धता चाहिए।

केंद्रीय मंत्री और सरकार को समझना होगा कि सत्ता का अर्थ केवल मंचों से भाषण देना नहीं हैं। बल्कि व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। उन्होंने एक बार फिर कहा कि प्रदेश के मामा जी को जनता को पाँच मिनट खड़ा करने पर गुस्सा आ जाता है। ज़रा उन किसानों की पीड़ा भी देख लीजिए जो आपकी प्रशासनिक विफलता के कारण खाद और डीजल के लिए दिनभर लाइनों में लग रहे हैं।

---

# ध्वनि प्रदूषण का शोर : प्रतिबंधित हॉर्न का कोलाहल बना जन-स्वास्थ्य के लिए खतरा

**जागरण, भैरुंदा (नसरुल्लागंज)।** वर्तमान समय में नगर ध्वनि प्रदूषण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। जिसने आम नागरिकों की नींद और सुकून दोनों छीन लिए हैं। मुख्य मार्ग से गुजरने वाले भारी वाहनों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न से परेशानियां दिनों दिन बढ़ती जा रही है। रिहायशी इलाकों में दिन-रात गूंजती कानफाडू आवाज नियमों का खुला उल्लंघन है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों का हनन भी है। वैसे देखा जाए तो नगर की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि मुख्य मार्ग व्यापारिक गतिविधियों और परिवहन का केंद्र बना हुआ है। ट्रक, डंपर, और बसों की रेलमपेल ने शहर को ध्वनि प्रदूषण में बदल दिया है। उल्लेखनीय की नगर के मुख्य मार्ग के अंदर से भारी वाहनों का आवागमन लगातार हो रहा है। इंदौर भोपाल सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए नगर का मुख्य मार्ग ही एकमात्र सहारा है। जिसके चलते इस सड़क से भारी वाहनों का आवागमन लगातार बना रहता है। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण यातायात का दबाव भी दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। मुख्य सड़क मार्ग पर निवास करने वाले कई परिवारों के लिए भारी वाहनों का दबाव गंभीर परेशानी बन चुका है। बावजूद इसके भी अभी तक प्रेशर हॉर्न लगे हुए वाहनों पर कोई भी बड़ी कार्यवाही देखने को नहीं मिली है।

**बुजुर्गों और बच्चों पर सबसे अधिक असर:** वैसे यह भी सर्वाधिक है कि 80 डेसिबल से अधिक का शोर मानसिक स्वास्थ्य के लिए घातक है। नगर के बुजुर्ग जो पहले से ही हृदय या अन्य बीमारियों से ग्रसित हैं। अचानक बजने वाले प्रेशर हॉर्न के शोर से पैनिक अटैक का शिकार होने का डर बना रहता है। इतना ही नहीं मुख्य मार्ग पर स्थित शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र शोर के कारण एकाग्रता नहीं बना पा रहे हैं। जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। प्रेशर हॉर्न के तेज शोर से दोपहिया वाहन चालक सकपका जाते हैं। जिससे वे असंतुलित होकर गिर रहे हैं। यह स्थिति गंभीर सड़क दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही है।

#### कानून का डर तभी होगा जब कार्यवाही होगी

सामाजिक कार्यकर्ता अजय पटेल सहित नगर के कई लोगों ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कानून का डर तभी होता है जब कार्रवाई दिखती है। प्रशासन की देखी-अनदेखी की नीति ने वाहन चालकों को बेलगाम कर दिया है। क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है? नगरवासियों का आरोप है कि शिकायतें करने के बावजूद नगर परिषद और पुलिस प्रशासन का ध्यान केवल कागजी खानापूर्ति तक ही सीमित है। न तो कभी सड़कों पर कोई विशेष अभियान चला और ना ही अवैध हॉर्न हटाने के लिए कोई कैंप लगाया गया।

# मोबाइल की दुनिया में खो रहे बचपन के सुनहरे पल, पढ़ाई से शुरू हुई आदत बनती जा रही लत

**जागरण बुधनी।** स्मार्टफोन का बढ़ता उपयोग अब बच्चों की आंखों और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डाल रहा है। घंटों तक मोबाइल पर गेम खेलना, वीडियो देखना और लगातार स्क्रीन पर नजरें टिकाए रखने के कारण बच्चों में आंखों से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। स्थिति यह है कि कम उम्र में ही कई बच्चों को चश्मे का सहारा लेना पड़ रहा है।

आज के दौर में मोबाइल फोन लोगों की जिंदगी का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। रोटी, कपड़ा और मकान की तरह यह भी एक महत्वपूर्ण आवश्यकता बन गया है। हालांकि इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव बच्चों पर देखने को मिल रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन देखने से आंखों पर दबाव बढ़ता है, जिससे दृष्टि कमजोर होने लगती है और सिरदर्द, आंखों में जलन तथा थकान जैसी समस्याएं भी सामने आती हैं।कोरोना काल के दौरान स्कूल बंद होने पर ऑनलाइन पढ़ाई के लिए बच्चों को मोबाइल फोन का सहारा लेना पड़ा था। उस समय पढ़ाई के लिए शुरू



हुआ मोबाइल का उपयोग अब आदत और कई मामलों में लत का रूप ले चुका है। पढ़ाई के अलावा बच्चे घंटों तक गेम खेलने और मनोरंजन संबंधी वीडियो देखने में समय बिताने लगे हैं।

इसके कारण उनकी शारीरिक गतिविधियां भी कम हो गई हैं।अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखना दिन-ब-दिन कठिन होता जा रहा है। कई बच्चे मोबाइल न मिलने पर चिड़चिड़े हो जाते हैं और पढ़ाई व अन्य गतिविधियों में भी रुचि कम दिखाते हैं। ऐसे मामलों में माता-पिता को मजबूरन बच्चों को डॉक्टरों के पास ले जाना पड़ रहा है।चिकित्सकों के अनुसार बच्चों को लंबे समय तक मोबाइल स्क्रीन से दूर रखना जरूरी है। इसके लिए अभिभावकों को बच्चों के साथ अधिक समय बिताना चाहिए। उन्हें पार्क, खेल मैदान और अन्य आउटडोर गतिविधियों में शामिल करना चाहिए। क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, साइकिलिंग जैसे खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में सहायक होते हैं। इसके अलावा चित्रकला, संगीत, पुस्तक पढ़ने जैसी रचनात्मक गतिविधियां भी बच्चों को मोबाइल से दूर रखने में मदद कर सकती हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि यदि समय रहते बच्चों के स्क्रीन टाइम पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले समय में आंखों की समस्याओं के साथ-साथ मोटापा, नींद की कमी और मानसिक तनाव जैसी परेशानियां भी बढ़ सकती हैं। इसलिए अभिभावकों को बच्चों की दिनचर्या में संतुलन बनाकर मोबाइल उपयोग की सीमा तय करनी चाहिए, ताकि उनका स्वास्थ्य और भविष्य सुरक्षित रह सके।

# एनएसयूआई ने जलाया मुख्य चुनाव आयुक्त का पुतला

**जागरण, इटारसी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश अनुसार राज्यसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की मनमानी के चलते कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन के चुनावी परचा निरस्त होने के विरोध में आज एनएसयूआई ने इटारसी में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव प्रतीक मालवीय एवं जिला अध्यक्ष मयंक चौरे ने गया कि भाजपा की कठपुतली बनकर जिस प्रकार चुनाव आयोग काम कर रहा है उससे स्पष्ट होता है कि भाजपा चुनाव आयोग मिलकर देश के लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं, इसके विरोध में हम सभी कार्यकर्ता आज चुनाव आयोग का पुतला दहन कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मयूर जायसवाल, पार्षद अमित कापरे, युवा कांग्रेस नेता गोल्डी बेस, सौम्य दुबे, नमन पटेल, नगर अध्यक्ष गोपाल नामदेव, कॉलेज अध्यक्ष अमर ठाकुर, समीर परते, सचिन मेहरा आदि उपस्थित रहे।

## छात्राओं को तिलक लगाकर मनाया प्रवेश उत्सव

**जागरण, इटारसी।** पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजगंज में आज नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ पर नव-प्रवेशी बालिकाओं के लिए प्रवेश उत्सव का आयोजन किया। शाला परिसर में पहुंचने पर सभी छात्राओं का तिलक लगाकर और मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधान पाठक महेश रायकवार ने उपस्थित सभी छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को फल वितरित किए। प्रवेश उत्सव के आनंद को बढ़ाते हुए मध्याह्न भोजन में बालिकाओं को विशेष रूप से खीर, पूरी और सब्जी का वितरण किया।

---

**चिकित्सा- जगत** | डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय चिकित्सालय के डॉक्टर्स ने किया कमाल

# सूरत में नहीं मिला आराम, इटारसी सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने 2 घंटे में ऑपरेशन कर बचाई महिला की जान

**जागरण, इटारसी।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल के डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी तत्परता और संवेदनशीलता से एक महिला मरीज की जान बचाई है। सूरत (गुजरात) से इलाज न मिलने के कारण अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश लौट रहे एक दंपत्ति को चलती ट्रेन में हालत बिगड़ने पर अचानक इटारसी स्टेशन पर उतरना पड़ा। यहां सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने बिना समय गंवाए महज 2 घंटे के भीतर महिला का सफल ऑपरेशन कर उसे खतरे से बाहर निकाला।

#### सूरत में खर्च हुए लाखों ट्रेन में बढ़ी तकलीफ

उत्तर प्रदेश के गाजीपुर निवासी दीपक यादव अपनी पत्नी के इलाज के लिए सूरत गुजरात में थे। उन्होंने बताया कि सूरत के कई अस्पतालों में संपर्क करने और काफी पैसा खर्च होने के बाद भी उनकी पत्नी को उचित उपचार नहीं मिल पा रहा था। थक-हारकर वे पत्नी को लेकर वापस गाजीपुर जाने के लिए ट्रेन में बैठ गए, ताकि वहां इलाज करा सकें। लेकिन सफर के दौरान रास्ते में ही उनकी पत्नी की तकलीफ बेहद बढ़ गई।

**अस्पताल पहुंचते ही शुरू हुआ इलाज :** आनन-फानन में दंपत्ति को इटारसी रेलवे स्टेशन पर उतरना पड़ा। वे दोपहर करीब 3 बजे प्राथमिक उपचार के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय चिकित्सालय पहुंचे। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने मरीज की गंभीर स्थिति (गायनिक समस्या) को देखते हुए तुरंत अटेंड किया। जांच के बाद डॉक्टरों ने पाया कि महिला की स्थिति नाजुक है और ऑपरेशन करना बेहद जरूरी है।

#### सफल ऑपरेशन पर डॉक्टरों की टीम को दिया धन्यवाद



अस्पताल में तुरंत भर्ती कर सभी आवश्यक जांचें पूरी की गईं और शाम लगभग 5 बजे महिला को ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया। डॉक्टरों की टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए सफल ऑपरेशन किया। महिला अब पूरी तरह सुरक्षित और खतरे से बाहर है। यह जटिल ऑपरेशन गाइनेकोलॉजिस्ट डॉ. विजया टिकरिया, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट डॉ. प्रियंक मिश्रा और नर्सिंग ऑफिसर काजोल की टीम ने सफलता से किया। मरीज और उनके पति दीपक यादव ने डॉक्टरों व स्टाफ के इस त्वरित इलाज और सहयोगात्मक व्यवहार के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है।

## समस्याओं को लेकर 25 को निकलेगी ट्रैक्टर रैली

**जागरण, इटारसी।** क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आज मंगलवार को ग्राम भीलाखेड़ी स्थित खेड़ापति माता मंदिर परिसर में हुई। बैठक में मूंग उपार्जन, खाद-बीज की किल्लत, डीजल, बिजली और गेहूं की बकाया भुगतान राशि जैसी गंभीर समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गई। किसानों की समस्याओं को लेकर संगठन ने 25 जून को एक दिवसीय ट्रैक्टर वाहन रैली निकालने का निर्णय लिया है। बैठक में तय प्रस्ताव के अनुसार, 25 जून को ट्रैक्टर वाहन रैली बायपास से प्रारंभ होगी। यह रसूलिया और मीनाक्षी चौक से होते हुए कलेक्टोरेट कोठी बाजार पहुंचेगी। रैली का समापन गुप्ता ग्राउंड में एक सभा के रूप में होगा, जहां मुख्यमंत्री के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में लीलाधर सिंह राजपूत सहित रामेश्वर मीणा, बृजमोहन पटेल, अरुण पटेल, संतोष नागर, संतोष मुहारिया, संतोष पटेल, हरपाल सिंह सोलंकी, रूपेंद्र सिंह सोलंकी, बृजेश चौरे, मोनीष राजपूत, मोनू चौहान, गणेश जाट, सुधीर गौर, राजेश व्यास, अंशुल सोलंकी, हर्ष आर्य सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं को मिला मिशन नींव और पोषण ट्रैकर का प्रशिक्षण

**जागरण, इटारसी।** महिला एवं बाल विकास विभाग की इटारसी परियोजना के अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, गर्भवती व धात्री माताओं के स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से त्रिविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके तहत 3 से 6 वर्ष के बच्चों का प्रवेश उत्सव, मंगल दिवस के अंतर्गत अन्नप्राशन, टीकाकरण और मिशन नींव के तहत शाला पूर्व शिक्षा का विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

मंगल दिवस के अवसर पर छह माह पूर्ण कर चुके शिशुओं का पारंपरिक रूप से अन्नप्राशन संस्कार कराया गया और अभिभावकों को पूरक आहार शुरू करने की समझाइश दी गई। साथ ही बच्चों का नियमित टीकाकरण भी किया। प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला ने बताया कि समय पर लगाया टीका बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाकर उनका स्वस्थ व सुरक्षित बचपन सुनिश्चित करता है। सेक्टर-3, वार्ड -15, आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-32 में मिशन नींव के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को ईसीसीई का प्रशिक्षण दिया। मिशन नींव कोऑर्डिनेटर वीरेंद्र कीर ने कार्यकर्ताओं को खेल-खेल में सीखने, भाषा व संज्ञानात्मक विकास और गतिविधि आधारित शिक्षण के नवाचारों से अवगत कराया। पोषण अभियान समन्वयक सुश्री हिना खान ने कार्यकर्ताओं को पोषण ट्रैकर के नवीन होम विजिट मॉड्यूल की ऑनलाइन प्रविष्टि और प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गृह भेंट के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम और बच्चों की वास्तविक स्थिति का सटीक आकलन संभव है। अटल बाल मित्र सुमन उमेश बघेल ने एक कूलर दान स्वरूप भेंट किया गया। पर्यावरण संतुलन के लिए इटारसी परियोजना की समस्त आंगनवाड़ियों में सीड बॉल का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही 50 पौधे भेंट किए। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला, पोषण अभियान समन्वयक हिना खान, अर्चना बस्तवार, रेखा चौरे, मीना गाठले, राखी मौर्य सहित स्वास्थ्य विभाग एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

### जनकल्याण शिविर में 2987 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से लगभग 2480 आवेदनों का हुआ निराकरण

# योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को लाभ दिलाना शिविर का है उद्देश्य : विधायक गोपालसिंह

**जागरण, आष्टा।** प्रदेश शासन का जनकल्याण शिविरों को लगाने का प्रमुख उद्देश्य यह हैं की प्रदेश में शासन की जितनी भी जनकल्याणकारी हितग्राहीमूलक योजनाएं चल रही हैं, उन योजनाओं के लाभ से कोई पात्र हितग्राही वंचित तो नही हैं, अगर वो वंचित है तो उसे उस योजना का लाभ इन शिविरों के माध्यम से दिया जाये। इस आशय के विचार विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने जनपद पंचायत में आयोजित तीन दिवसीय जनकल्याकारी शिविर के समापन पर व्यक्त कए।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने बताया कि शासन के 23 विभागों की 110 योजनाओं से नागरिकों को पात्रतानुसार सहयोग करने एवं लाभ दिलाने हेतु विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना से वंचित नहीं रहे, विधायक ने कहा कि हमारी सरकार हर जरूरतमंद को आवश्यक मदद एवं अंतिम पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को सहयोग प्रदान करने लिए दृढ़ संकल्पित हैएउन्होंने बताया कि बच्चे के जन्म से ले कर उसके पालन-पोषण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, आजीविका एवं सामाजिक सुरक्षा हेतु विभिन्न पेंशन योजनाओं का क्रियान्वयन शासन द्वारा पात्र हितग्राहियों के लिए किया जा रहा है।



नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल की उपलब्धियों, विकास कार्यो एवं प्रदेश शासन की योजनाओं से सभी को अवगत कराया गया। श्री मेवाड़ा ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक विकासखंड और नगरीय निकायों में 3 दिवसीय जनकल्याण शिविरो का आयोजन किया गया हैं। उक्त अभियान का प्रमुख उद्देश्य पात्र लेकिन वंचित हितग्राहियों को सहायता एवं लाभ दिलाना हैं। आष्टा विकासखण्ड में 3 दिवसीय विकासखण्ड स्तरीय जनकल्याण शिविर का आयोजन 12, 15 एवं 16 जून को किया गया। शिविर के दौरान आयोजित कार्यक्रम में जनपद सीईओं अमित व्यास ने अभियान के उद्देश्य के बारे में अपने संबोधन में मंचासीन पदाधिकारियों एवं उपस्थित नागरिकों को जानकारी दी गई। सीईओं श्री व्यास ने बताय कि अभी तक शिविर के दौरान लगभग 2987 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें से लगभग 2480 आवेदनों का निराकरण भी संबंधित विभागों द्वारा किया जा चुका है। आयोजित शिविर में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं जैसे-पेंशन स्वीकृति आदेश, ई-संबल कार्ड वितरण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रा., अंतर्गत प्रोत्साहन राशि का वितरण उद्धानिकी विभाग से मसाला यूनिट की स्थापना हेतु हितग्राही को लाभ वितरण, संबल योजना अंतर्गत हितग्राहियों को अनुग्रह सहायता राशि भुगतान का स्वीकृति पत्र, आजीविका मिशन अंतर्गत लखपति दीदियों को लाभ वितरण, विवाह प्रमाण पत्र लाड़ली लक्ष्मी योजना के लाभार्थी आदि का हितलाभ वितरण जनपद एवं नगर पालिका आष्टा ने मंचासीन सभी अतिथियों ने वितरित किया। कार्यक्रम में एसडीओ नितिन कुमार टाले, तहसीलदार रामलाल पगारे, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गजराजसिंह, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, मैना मंडल अध्यक्ष सुनील आर्य, वीरेंद्रसिंह ठाकुर, पार्षद रवि शर्मा, विष्णु परमार, रोहित महांकाल, मेहमूद अंसारी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि छोटेलाल पहलवान, महेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थें।

### 3 जुलाई को साधु-साध्वी का होगा प्रवेश

# श्वेतांबर जैन किला मंदिर चातुर्मास समिति के सुराणा बने अध्यक्ष



**जागरण, आष्टा।** नगर के किला स्थित मालव गिरनार तीर्थ श्वेतंबार जैन मंदिर पर साधु भगवंत गणिवर्य विरतींद्र विजय जी, कीतिन्द्र विजय जी आदि ठाणा 5 एवं साध्वी वैराग्यश्रेया श्रीजी ठाणा 2 का वर्ष 2026 के पावन चातुर्मास को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। चातुर्मास समिति अध्यक्ष मनोनीत होने पर दिनेश सुराणा का ने सम्मान किया।

श्वेतंबार जैन समाज के वरिष्ठ निर्मलकुमार रांका एडवोकेट ने बताया कि चातुर्मास हेतु देवास की और से मंगल विहार करके 3 जुलाई को नगर प्रवेश धूमधाम से होगा। इसी क्रम में किला मंदिर के उपाश्रय में समाजजनों की बैठक संपन्न हुई, जिसमें दिनेश सुराणा को चातुर्मास समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया हैं कि दिनेश सुराणा के कुशल नेतृत्व, संगठन क्षमता एवं धर्म के प्रति समर्पण से किला मंदिर में आयोजित होने वाला चातुर्मास सुव्यवस्थित, अनुशासित एवं ऐतिहासिक बनेगा। उनके मार्गदर्शन में धर्म, साधना, सेवा, संस्कार एवं सामाजिक समरसता से जुड़े विविध आयोजन प्रभावी रूप से संपन्न होंगे। श्री रांका के अनुसार मालव गिरनार तीर्थ किला मंदिर में 3 जुलाई से पूज्य गणिवर्य एवं साध्वी मंडल के सान्निध्य में चातुर्मास प्रवेश महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। यह चातुर्मास क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक उन्नति, धर्म आराधना एवं आत्मकल्याण का अवसर रहेगा। समाज के वरिष्ठजनों पारसमल सिंघवी, प्रदीप धाड़ीवाल, रवींद्र रांका, नवनीत संचेती, प्रवीण धाड़ीवाल, पुखराज मेहता, विनित सिंगी, अजेश सिंगी, शेखर सुराणा, संजय सिघंवी, डॉ. मीना सिंगी, संजय छाजेड़, प्रभात धाड़ीवाल, राहुल धाड़ीवाल, शैलेंद्र मेहता शेलू, पंकज नाकौड़ा, सचिन कोठारी, विपिन सिंगी, सुमित मेहता, चेतन छाजेड़, अमन सिघंवी, मीत सिंगी ने कहा कि चातुर्मास केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह समाज में संस्कार, अनुशासन, सेवा और सद्भावना के प्रसार का भी माध्यम बनता है। ऐसे में दिनेश सुराणा के नेतृत्व में आयोजित होने वाला यह चातुर्मास निश्चित रूप से नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। समाजजनों ने मंगलकामना व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभु कृपा से यह चातुर्मास अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करे, धर्म प्रभावना का नया अध्याय रचे तथा आष्टा के इतिहास में एक सुव्यवस्थित एवं प्रेरणादायी चातुर्मास के रूप में याद किया जाए।

## दक्ष प्रजापति आर्मी की तहसील स्तरीय बैठक जावर में संपन्न

**जागरण, जावर।** दक्ष प्रजापति आर्मी की तहसील स्तरीय बैठक जावर में आयोजित की गई, जिसमें जिला स्तर के दायित्ववान पदाधिकारियों, तहसील के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य संगठन को मजबूत करना, समाज हित के कार्यों को गति देना एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करना रहा।

बैठक में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता आरएन प्रजापति प्रदेश अध्यक्ष दक्ष प्रजापति आर्मी उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन की विचारधारा, समाज में शिक्षाए एकता एवं युवा सहभागिता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। विशेष अतिथि के रूप में संतोष प्रजापति तहसील अध्यक्षए इछावर, संजय प्रजापति तहसील अध्यक्ष रहटी, दीपक प्रजापति शहरी तहसील अध्यक्ष सीहोर, राजकुमार प्रजापति विधानसभा अध्यक्ष आष्टा, जितमल प्रजापति ग्रामीण तहसील अध्यक्ष आष्टा, संतोष प्रजापति तहसील अध्यक्ष भैरूंदा मौजूद थें। कार्यक्रम में मोरसिंह प्रजापति जिला अध्यक्ष सीहोर की विशेष उपस्थिति रही।

बैठक का आयोजन लखन प्रजापति तहसील अध्यक्ष आष्टा एवं मुकेश कुमार प्रजापति तहसील अध्यक्ष जावर के नेतृत्व में किया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन माखनलाल प्रजापति, कैलाश नारायण प्रजापति, छगनलाल सेठ मौजूद थें। बैठक में संगठन विस्तार, समाज में शिक्षा एवं जागरूकता को बढ़ावा देने, युवाओं को संगठन से जोड़ने तथा समाजहित के विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती एवं समाज के उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। संचालन जीवन प्रजापति ने किया। अतिथियों, वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं का आभार हीतेश प्रजापति ने व्यक्त किया।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने किया प्रफुल्ल श्रीमोड़ का सम्मान, अनेक लोगों ने दी बधाई

**जागरण, आष्टा।** नगर के युवा प्रफुल्ल श्रीमोड़ ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए आष्टा एवं समाज का गौरव बढ़ाया है। उन्हें लखनऊ में आयोजित त्रिवेणी डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग के तृतीय संस्करण में सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में देशभर के चुनिंदा डिजिटल क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स और युवा विचारकों को आमंत्रित किया गया था।

उत्तर प्रदेश सरकार एवं विभिन्न नीति विशेषज्ञों के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल माध्यमों के जरिए सुशासन, विकास, संस्कृति और लोकतंत्र से जुड़े विषयों पर सार्थक संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पैनल चर्चाएं इंटरैक्टिव सत्र तथा वरिष्ठ अधिकारियों एवं विशेषज्ञों के साथ विचार-विमर्श आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश के विकास कार्यों और



सांस्कृतिक विरासत को निकट से जानने का अवसर भी मिला। इसी क्रम में अयोध्या एवं श्रीराम मंदिर का भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने डिजिटल युग में सकारात्मक संवाद तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं और कंटेंट क्रिएटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रफुल्ल श्रीमोड़ सहित चयनित प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

प्रफुल्ल श्रीमोड़ वरिष्ठ समाजसेवी नरेन्द्र संगीता श्रीमोड़ उमंग के सुपुत्र हैं। नरेंद्र श्रीमोड़ ने बताया कि 15 जून 2026 को आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में देशभर से आए युवाओं एवं कंटेंट क्रिएटर्स ने राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों पर विचार साझा किए। समापन समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला एवं प्रसिद्ध चिंतक डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रफुल्ल श्रीमोड़ की इस उपलब्धि पर समाज के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। नरेंद्र श्रीमोड़ ने कहा कि प्रफुल्ल भविष्य में भी इसी प्रकार परिवार, समाज और नगर का नाम रोशन करते रहें।

## जावर पुलिस ने सागौन के भंडारण पर की कार्रवाई

**जागरण, आष्टा।** जावर पुलिस ने ग्राम बरछापूरा से अवैध सागौन के भंडारण पर कार्रवाई की हैं। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार मुखबिर सूचना के आधार पर जावर पुलिस ने ग्राम बरछापूरा मे सागौन लकड़ी के एक अवैध भंडारगृह पर छापा मारा। इस दौरान लगभग 40 छोटी-बड़ी सागौन की सिल्ली जब्त की गई। पुलिस द्वारा सागौन की जप्ती बनाकर, अग्रिम कार्रवाई हेतु वन विभाग की टीम को सागौन सुपुर्द की। जावर टीआई हेमंत पांडे ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि क्षेत्र में वन संपदा की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।




शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय शाजापुर
आईटीआई के पीछे, विजय नगर, शाजापुर

10वी के बाद पॉलिटेक्निक

समय सारणी



प्रवेश हेतु पंजीयन प्रारंभ - द्वितीय चरण
ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन : 09-06-2026 से 18-06-2026 । रात्रि 11:45 बजे तक
ऑनलाइन में सुधार : 19-06-2026 से 20-06-2026 । सायं 05:30 बजे तक
ऑनलाइन चयन कर लॉक करना : 10-06-2026 से 22-06-2026 रात्रि 11:45 बजे तक
कॉमन मेरिट सूची की उपलब्धता : 23-06-2026
आवंटित संस्था में मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं प्रवेश : 27-06-2026 से 03-07-2026, सायं 06:30 बजे तक
अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें :- www.dte.mponline.gov.in पर देखें।
प्राचार्य
डॉ. विपुल परमार्थी 9425125576
श्रीमती गायत्री सिंह - मो. 7999630435
श्रीमती सपना महाजन - मो. 9977113190
श्री जोगेंद्र भारती - मो. 9584924314
श्री अंकुर साहू - मो. 9039613480

## शाजापुर में तहसीलदार की कार्यप्रणाली पर फूटा लोगों का गुस्सा, ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग



**जागरण शाजापुर।** स्थानीय तहसील कार्यालय में पिछले आठ महीनों से चल रही कथित प्रशासनिक मनमानी और राजस्व कार्यों में हो रही भारी लेटलतीफी के खिलाफ मंगलवार को शहर के किसानों, भू-स्वामियों, अधिवक्ताओं और सामाजिक संगठनों का आक्रोश फूट पड़ा। तहसीलदार सुनील पाटिल के कार्यकाल में बिना ठोस कारण के लगभग 200 से अधिक राजस्व प्रकरणों को निरस्त किए जाने के विरोध में भारी संख्या में पीड़ित नागरिकों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन जिया लाला के नेतृत्व में मुख्य रूप से संभागायुक्त उज्जैन को संबोधित करते हुए दिया गया। ज्ञापन सौंपते हुए लोगों ने आरोप लगाया है कि पिछले आठ माह के दौरान तहसील शाजापुर में नामांतरण, फौती नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन और भूमि अभिलेख सुधार जैसे अति महत्वपूर्ण कार्यों को बेवजह अटकाया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि जिन मामलों में पटवारी और संबंधित निचले राजस्व अधिकारियों ने अपनी सकारात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी थी, उन्हें भी किन आधारों पर निरस्त कर दिया गया, यह समझ से परे है। नागरिकों का कहना है कि विधिवत रजिस्ट्री होने और शासन को लाखों रुपये का स्टाम्प शुल्क चुकाने के बावजूद नामांतरण के लिए क्रेता और विक्रेता को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए बाध्य किया जा रहा है। इससे आम जनता को अनावश्यक रूप से परेशान होना पड़ रहा है और इस प्रक्रिया की वैधानिक समीक्षा होना अत्यंत आवश्यक है। भूमि संबंधी इन महत्वपूर्ण कार्यों के महीनों तक लंबित रहने से न केवल किसानों और आम जनता को भारी मानसिक व आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि निवेशकों और व्यापारियों के कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस लालफीताशाही और लेटलतीफी से जिले में विकास कार्यों की गति धीमी पड़ गई है और प्रशासनिक व्यवस्था पर से आम आदमी का विश्वास डगमगाने लगा है। बड़ी संख्या में प्रकरणों के निरस्त होने से आम जनता का कीमती समय और संसाधन दोनों व्यर्थ हो रहे हैं। पीड़ित पक्ष ने प्रशासन से स्पष्ट मांग की है कि पिछले आठ महीनों में निरस्त किए गए सभी लगभग 200 प्रकरणों की संभाग या जिला स्तर पर एक विशेष जांच समिति गठित कर निष्पक्ष और उच्च स्तरीय समीक्षा की जाए। ज्ञापन में इस बात पर जोर दिया गया कि यदि इस मामले की जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही, पद का दुरुपयोग, मनमानी या नियमों का उल्लंघन सिद्ध होता है, तो संबंधित अधिकारी पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अतिरिक्त, इस पूरी प्रक्रिया में शासन को जो राजस्व का भारी नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई भी दोषी अधिकारी से ही करवाई जाने की मांग की गई। ज्ञापन देते समय बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## मकान में अचानक भड़की आग, गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख

**जागरण शाजापुर।** शहर के व्यस्त इलाके सोमवारिया बाजार में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक रिहायशी मकान से अचानक आग की लपटें और धुएं का गुबार उठने लगा। इस आग ने चंद मिनटों में ही एक परिवार की पूरी गृहस्थी को राख में बदल दिया। गनीमत यह रही कि समय रहते स्थानीय लोगों, पुलिस और दमकल की सतर्कता से आग को विकराल रूप लेने और आस-पड़ोस के घरों में फैलने से रोक लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है, लेकिन पीड़ित परिवार को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना सोमवारिया बाजार में बालवीर हनुमान मंदिर के समीप स्थित अशोक शर्मा के मकान में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे हुई। घर से अचानक धुएं का गहरा गुबार और आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय नागरिकों ने बिना कोई देरी किए पुलिस और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी।

सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम के साथ डायल-112 के पायलट कमलेश और आरक्षक निलेश तुरंत मौके पर पहुंचे। बचाव दल ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया।

### घरेलू सामान हुआ स्वाहा, जांच में जुटी पुलिस

हालांकि, जब तक राहत दल आग को बुझाने में कामयाब होता, तब तक काफी देर हो चुकी थी। आग की चपेट में आकर घर में रखा टीवी, कूलर, पंखा, पलंग और अन्य जरूरी घरेलू सामान पूरी तरह से जलकर खाक हो चुका था। इस अग्निकांड में गृहस्वामी अशोक शर्मा के परिवार को बड़ा आर्थिक नुकसान पहुंचा है। फिलहाल, आग किस वजह से लगी, इसका स्पष्ट रूप से खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस और संबंधित विभाग ने मामले को संज्ञान में लिया है और आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच शुरू कर दी है।



## न्यूज कार्नर

### नारायण क्रीड़ा मंडल के शिविर का समापन

**देवास।** नारायण क्रीड़ा मंडल द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सरस्वती विद्या मंदिर विजय नगर देवास में आयोजित किया गया। शिविर के दौरान बच्चों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे उनमें खेल प्रतिभा एवं अनुशासन का विकास हो सके। मंडल के सचिव प्रवीण सांगते ने बताया कि शिविर में बच्चों को खो-खो, नेटबॉल, थ्रोबॉल, डॉजबॉल एवं सॉफ्ट टेनिस जैसे खेलों का प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण विभाग की अधिकारी सेना गाडरिया उपस्थित रहीं। वहीं कार्यक्रम में खेल गुरु राधेश्याम सोलंकी, जावेद खान, सुदेश सांगते, महेंद्र सिंह सिसोदिया, शामिकी देसाई, यूनुस खान, यशवंत डागोरा, सचिन भार्गव, राशि सांगते, भारत खेर, रुद्र भटनागर, युग शर्मा, दिव्या सोलंकी, मानसी परमार एवं मीनाक्षी सोलंकी सहित अनेक खेल प्रेमी एवं अभिभावक मौजूद रहे। अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और नियमित अभ्यास के माध्यम से उच्च स्तर की उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया।


### बावड़ी कचरे के ढेर में तब्दील, जीर्णोद्धार की मांग

**देवास।** नगर निगम द्वारा जल गंगा सर्वधन अभियान के तहत बावड़ी व तालाबों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। समाजसेवी सुभाष हजारीलाल वर्मा ने बताया कि वाटर वर्क्स मेंढकीचक स्थित प्राचीन बावड़ी नगर निगम के जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण कचरे के ढेर में तब्दील हो गई है। एक समय लगभग आधे शहर की प्यास बुझाने वाली यह बावड़ी कचरा घर बनी हुई है। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे गंगा जल संवर्धन अभियान का असर यहां नहीं दिखाई दिया। उक्त बावड़ी लगभग 100 साल पुरानी है। एक समय यह शहर का बड़ा ओर प्रसिद्ध जल स्रोत था। जिसका जीर्णोद्धार किया जाए।

### जनसुनवाई में बुजुर्ग दंपत्ति का दर्द छलका

# बेटों ने घर से निकाला, अब वृद्धाश्रम में शरण की गुहार, प्रशासन ने भेजा

**देवास।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में एक बुजुर्ग दंपति ने अपनी व्यथा सुनाते हुए वृद्धाश्रम में रहने की अनुमति दिलाने की मांग की। दंपति का आरोप है कि उनके ही बेटों ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया है और अब उनके पास रहने का कोई सहारा नहीं बचा है। आवेदन के अनुसार 76 वर्षीय जीवन सिंह एवं उनकी 72 वर्षीय पत्नी लीला बाई ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि उनकी पारिवारिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। उन्होंने कहा कि उनके दो पुत्र राजेंद्र और राकेश उनसे अलग रहते हैं तथा दोनों ने उन्हें घर से बाहर कर दिया है। दंपति का यह भी आरोप है कि उनकी लगभग चार बीघा जमीन भी उनसे ले ली गई है। बुजुर्ग दंपति ने आवेदन में उल्लेख किया है कि संबंधित जमीन लीला बाई को उनके पिता द्वारा दान में दी गई थी, जिसे अब वे वृद्धाश्रम को दान करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके पुत्र और पुत्रवधू द्वारा लीला बाई के साथ मारपीट करने का प्रयास भी किया गया। दंपति ने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें किसी वृद्धाश्रम में रहने की अनुमति और आवश्यक सहायता



उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना शेष जीवन व्यतीत कर सकें। जनसुनवाई में प्राप्त इस आवेदन को संबंधित विभाग को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधर आवेदन प्राप्त होने के बाद प्रशासन ने तत्काल वृद्धाश्रम संचालक दिनेश चौधरी को बुलाकर बुजुर्ग दंपत्ति के लिए वृद्धाश्रम में रुकने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## 7 क्विंटल आम से सजा श्री खेड़ापति मारुति मंदिर



**देवास।** महात्मा गांधी मार्ग स्थित श्री खेड़ापति मारुति मंदिर में मंगलवार को भक्तों को अद्भूत नजारा देखने को मिला। मंदिर में विराजित श्री खेड़ापति सरकार को श्री सालासर बालाजी के स्वरूप में सजाया गया। इस खास श्रृंगार के लिए करीब 7 क्विंटल ताजे आमों का इस्तेमाल किया गया। पं. दर्शन उपाध्याय ने बताया कि पूरा गर्भगृह आम, आम के पत्तों और लाल गुलाबों से सजाया गया है। ऊपर से लटकी टोकरियों से लेकर दीवारों तक हर जगह आम ही आम नजर आ रहे हैं। बीच में लटकी घंटी और नीचे विराजित सिंदूरी रंग की प्रतिमा, माथे पर मुकूट और गले में पीले फूलों की माला पहने सालासर बालाजी स्वरूप बेहद मनोहारी लग रहा था। इस सातवें बड़े मंगलवार को बार आम के सीजन को देखते हुए 7 क्विंटल आम से सजावट का निर्णय लिया गया।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पूर्व के आधार कार्ड में मेरा नाम शालू निमजे दर्ज था। यही नाम मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज है। जबकि वर्तमान में जारी आधार कार्ड में मेरा नाम शालू तुलसीराम निमजे दर्ज है, जो कि सही है। यही नाम अब मैं अपने पासपोर्ट में भी दर्ज करवाना चाहती हूं। अत: भविष्य में मुझे मेरे सही नाम शालू तुलसीराम निमजे से ही जाना-पहचाना व लिखा-पढ़ा जाए।

**शालू तुलसीराम निमजे**
53, विश्राम बाग, देवी टैम्पल के पास, देवास ( म.प्र. )















विक्रमसिंह पवार


नरेंद्रसिंह राजपूत


विश्वजीतसिंह चौहान


टिकेन्द्र प्रतापसिंह


डॉ. एच.एस. राणा


नवीनसिंह सोलंकी



विरेंद्रसिंह राजावत


सुमेरसिंह दरबार


सत्येन्द्र सिंह राजपूत


नरेन्द्रसिंह भटूनी


नागेंद्र सिंह पंवार


संजय सिंह पंवार


अजयसिंह राजपूत


वीरू ठाकुर, सरपंच


लोकेंद्र सिंह राजपूत


मनदीपसिंह पंवार


अजयसिंह बैस


गुणपाल सिंह पंवार


के.पी. सिंह, सोनकच्छ


राजेंद्र सिंह पंवार


उदयसिंह खिंची


राजेंद्र सिंह राजपूत


हरिसिंह राठौड़


कुंदनसिंह ठाकुर

सौजन्य : समस्त राजपूत समाजजन, देवास (म.प्र.)


वीर शिरोमणि
महाराणा प्रताप जी
की जयंती के अवसर पर
भव्य शौर्य यात्रा
दिनांक – 17 जून 2026
समय–शाम 5:30 बजे
स्थान–भोपाल चौराहा, देवास
यात्रा संयोजक
ठा.तंवरसिंह चौहान
(पूर्व अध्यक्ष -म.प्र. दुग्ध संघ)
कुँ.सुमेर सिंह दरबार
पूर्व जिलाउपाध्यक्ष भाजयुमो
सौ.से – महाराणा प्रताप शौर्य यात्रा उत्सव समिति, जिला देवास

## न्यूज कार्नर

### जिला अस्पताल को दिया 50 हजार की चालानी कार्रवाई का सूचना पत्र

**देवास।** निगम की स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा गीले, सुखे कचरे एवं अस्पतालों से प्राप्त मेडिकल वेस्ट के निपटान एवं उसकी चैकिंग निरंतर कचरा संग्रहण वाहनों मे की जा रही है। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में वाहनों मे मिक्स पाया जाता है तो निगम की टीम द्वारा सख्ती से चालानी कार्रवाई भी की जा रही है। जांच के दौरान एमजी अस्पताल के द्वारा कचरा संग्रहण वाहन मे मिक्स मेडिकल वेस्ट डाला पाया गया जो कि हानिकारक है। एमजी अस्पताल के संबंधित अधिकारी को सूचना पत्र तथा चेतावनी दिए जाने के पश्चात भी मिक्स मेडिकल वेस्ट एमजी अस्पताल के द्वारा कचरा संग्रहण वाहन मे डाले जाने पर टीम के लीडर रवि गोयनार द्वारा सोमवार 15 जून को 50 हजार की दण्डात्मक चालानी कार्रवाई का सूचना पत्र दिया गया। इस प्रकार से किसी भी अस्पताल से मिक्स मेडिकल वेस्ट पाए जाने पर दण्डात्मक चालानी कार्रवाई निगम के द्वारा की जावेगी।

### मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

**पीपलरावां।** आगामी मोहर्रम त्यौहार को देखते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी सुबोध गौतम द्वारा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रभुशंकर राठौर, दिनेश पाटीदार, छगन गुप्ता, शहर काजी सहित तीनों तकियों के सदर, अन्य सदस्यगण आदि उपस्थित थे।

### टोंकखुर्द वन अमले ने किया ट्रैक्टर जब्त

**देवास।** वन परिक्षेत्र देवास अंतर्गत सबरेंज टोंकखुर्द में वन मंडल अधिकारी अमित सिंह, उप वनमण्डल अधिकारी विकास माहोरे, परिक्षेत्र अधिकारी राजेश चौहान के निर्देशन में बीट तालोद के ग्राम खेड़ा में अतिक्रमण का प्रयास करते पाए जाने पर ट्रैक्टर कल्टीवेटर सहित जब्त की गई। आरोपी राजाराम मालवीय द्वारा अवैध रूप से वन भूमि पर कब्जा कर कृषि भूमि बनाने के उद्देश्य से जुताई कार्य किया जाने पर वन अमले द्वारा उपयोग किया जा रहा स्वराज ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 41 एए 7047 को जब्त कर भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 26 के तहत प्रकरण बनाया एवं जब्त कर दौलतपुर रेस्ट हाउस खड़ा किया गया। उक्त कार्रवाई में डिप्टी रेंजर हेमराज गोखले, गणपत सिंह तंवर, सतपाल सिंह सेंधव, अजय सिंह यशोना, रविन्द्र सोनी, प्रीतम सिंह बघेल, अंकित मालवीय, नरेन्द्र गोस्वामी, कमलसिंह, राजेन्द्र लोधी, मोडसिंह चौधरी आदि का विशेष सहयोग रहा।

### दुष्कर्म का आरोपी 6 घंटे में गिरफ्तार

**जागरण, शिवपुरी।** करैरा थाना पुलिस ने बलात्कार के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 6 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर दर्ज अपराध क्रमांक 404/26 में आरोपी इंदर सिंह कुशवाह उम्र 36 वर्ष निवासी जनकपुर, पर शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोप है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि आरोपी पिछले छह वर्षों से उसके संपर्क में था और स्वयं को उससे विवाह करने तथा साथ रखने का भरोसा देता रहा। इसी झांसे में आकर उसने 4 जून 2026 को पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाए। शिकायत मिलते ही करैरा थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की और पुलिस अधीक्षक श्रीमती यांगचेन डोलकर भूटिया के महिला अपराधों में जीरो टॉलरेंस के निर्देशों के तहत तत्काल कार्रवाई की। पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी इंदर सिंह कुशवाह को उसके गांव जनकपुर से गिरफ्तार कर लिया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद सिंह छावई, उप निरीक्षक अंजली सिंह, महिला आरक्षक देवकी पाल एवं आरक्षक शिवम यादव की सराहनीय भूमिका रही।

# अतिक्रमणकारियों को एक दिन का अल्टीमेटम, नहीं तो चलेगी जेसीबी

## अधिकारियों ने किया निरीक्षण, महिला अधिवक्ता का निर्माण भी रुका

**सोनकच्छ।** नगर के पुराने एसडीएम भवन के स्थान पर करीब 9 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे तीन मंजिला नवीन भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए सोमवार को स्थानीय अधिकारियों ने निर्माणाधीन भवन का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने भवन परिसर के अंदर और बाहर फैले अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए अतिक्रमणकारियों को मंगलवार शाम तक हर हाल में स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए, अन्यथा जेसीबी मशीन से कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं एक महिला अधिवक्ता द्वारा राजस्व विभाग की भूमि पर बिना अनुमति शुरू किए गए नवीन दुकान निर्माण को भी अधिकारियों ने तत्काल रोक दिया है। गौरतलब है कि नवीन भवन निर्माण का कार्य प्रगति पर है। निर्माण को शीघ्र पूरा करने के उद्देश्य से सोमवार को एसडीएम आनंद मालवीया, तहसीलदार नेहा शाह, एसडीएम रीडर रजत सिंह गौतम, पटवारी लक्ष्मीनारायण पाटीदार आदि ने निर्माणाधीन भवन का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने



निर्माण एजेंसी जय जवान कंस्ट्रक्शन के ठेकेदार नरेन्द्र पटेल को आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही कुछ मुद्दों पर विचार-विमर्श कर शेष बचे सभी कार्यों को युद्ध स्तर पर पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। अधिकारियों ने निर्माण परिसर के बाहरी एवं आंतरिक भाग में नियम विरुद्ध किए गए अतिक्रमण को गंभीरता से लेते हुए मौके पर उपस्थित अतिक्रमणकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते कहा कि जिन लोगों ने परिसर में या आसपास गुमटियां व अन्य सामग्री रख रखी है, वे मंगलवार शाम तक स्वेच्छा से उन्हे हटा लें, अन्यथा प्रशासन जेसीबी मशीन चलाकर अतिक्रमण को ध्वस्त कर देगा। इस दौरान कुछ कारोबारियों ने वैकल्पिक स्थान की गुहार लगाई, लेकिन अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से नकारते हुए उन्हे कहा कि आपको काफी समय दिया गया, लेकिन आप कोई व्यवस्था नहीं कर पाए, अब भवन एवं परिसर निर्माण का कार्य प्रभावित हो रहा है, अतः आपको यह स्थान छोड़ना होगा। परिसर में एक महिला अधिवक्ता द्वारा नगर परिषद की अनुमति का हवाला देते हुए नवीन दुकान निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा रहा था। अधिकारियों ने तुरंत संज्ञान लेते हुए उन्हें बताया कि यह भूमि राजस्व विभाग की है और नगर परिषद को यहां निर्माण की अनुमति देने का कोई अधिकार नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने महिला अधिवक्ता को तत्काल निर्माण रोकने और निर्माण के लिए बुलवाई गई ईंटों आदि को हटाने के निर्देश दिए। अधिकारियों की इस सख्ती ने स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी स्तर पर अवैध निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं परिसर के अंदर बने एक सार्वजनिक शौचालय और वर्षों पुराने कुएं को लेकर एसडीएम मालवीया ने कहा कि इनके संबंध में वे उच्च अधिकारियों से चर्चा करेंगे और तदनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों के इस निरीक्षण ने भवन निर्माण के आसपास के अतिक्रमणकारियों की एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है, क्योंकि भवन परिसर के अंदर और बाहर अनेक लोग ऐसे हैं जो अतिक्रमणकारियों की श्रेणी में हैं।



## इटावा में आज गांव गैर माता पूजन

### 70 हजार से अधिक लोगों के आने की संभावना, लगा जाम

**देवास।** उज्जैन रोड पर स्थित इटावा में 12 वर्ष बाद 17 जून को गांव गैर माता पूजन का आयोजन किया जा रहा है। यह माता पूजन गांव के प्रत्येक घर पर होगी। अपनी परंपरा अनुसार यहां पर सभी घरों में बड़ी संख्या में मेहमान भी आएंगे, जिनकी संख्या लगभग 70 हजार से अधिक बताई जा रही है। क्षेत्र के वीरेंद्र सिंह ठाकुर एवं पार्षद राजेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया कि माता पूजन को लेकर पूरे इटावा में अपार उत्साह है और यहां सभी समाज के लोग बढ़-चढ़कर गांव गैर माता पूजन में हिस्सा ले रहे है। माता पूजन के लिए मंगलवार से ही मेहमानों का आगमन शुरु हो गया है। इस कारण उज्जैन रोड पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। बुधवार को बड़ी संख्या में मेहमान इटावा पहुंचेंगे।



## महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में आज शौर्य यात्रा



**देवास।** महाराणा प्रताप जयंती के शुभ अवसर पर राजपूत समाज द्वारा अपनी परंपरा अनुसार 17 जून को देवास शहर में शौर्य यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा संयोजक तंवरसिंह चौहान ने बताया कि शाम 5.30 बजे स्थानीय भोपाल चौराहा (महाराणा प्रताप चौराहा) अपनी पारंपरिक वेशभूषा में एकत्रित होंगे। यहां पर पहले महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात वरिष्ठ समाजजनों का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद शौर्य यात्रा प्रारंभ होगी, जो भोपाल चौराहा से नाहर दरवाजा, नयापुरा चौराहा, जनता बैंक चौराहा, गांजा भांग चौराहा, घंटा घर से छोगालाल हलवाई के दुकान के पास से तीन बत्ती चौराहा से पुराना बस स्टैंड मनकामनेश्वर से जवाहर चौक से अग्रवाल कोल्ड्रिंग से सीधे सेन धर्मशाला पर समापन होगा। आयोजन समिति ने समस्त राजपूत सरदारों व सर्व समाज जन से शौर्य यात्रा में शामिल होकर सफल बनाने की अपील की है।

### 1150 नजूल पट्टाधारी को चेतावनी

## एक माह में नवीनीकरण कराएं अन्यथा पट्टे निरस्त हो जाएंगे

**देवास।** देवास शहर के नजूल पट्टाधारी जिन्होंने अपने नजूल पट्टों का नवीनीकरण नहीं कराया है, वे एक माह में नजूल पट्टे का नवीनीकरण करवा लें। देवास शहर के 1150 नजूल पट्टाधारी ऐसे है, जिन्होंने अभी तक अपने पट्टों का नवीनीकरण नहीं कराया है। एसडीएम देवास अभिषेक शर्मा ने बताया कि कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार सभी को एक माह में पट्टा नवीनीकरण करवाने का नोटिस जारी किया जा रहा है। सभी 1150 पट्टाधारी आगामी एक माह में अनिवार्य रूप से पट्टा नवीनीकरण करवालें। एक माह की समय सीमा में पट्टा नवीनीकरण न कराने वाले पट्टाधारियों के विरुद्ध नजूल कार्यालय द्वारा पट्टे निरस्त कर प्लाट वापस लेने की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्य के लिए राजस्व विभाग की टीम गठित की जा रही है। सभी पट्टेधारियों से अनुरोध है कि समय-सीमा में पट्टा नवीनीकरण करवा लेवें, जिसकी प्रति सप्ताह वरिष्ठ अधिकारी द्वारा समीक्षा की जाएगी।

### तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का आयोजन

**भौंरासा।** नगर परिषद कार्यालय भौंरासा द्वारा निकाय में 12 से 14 जून तक तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगर परिषद कार्यालय में लगे इस शिविर में मप्र शासन की योजनाओं के आवेदन प्राप्त कर हितग्राहियों को लाभ दिए जाने की कार्रवाई की जा रही है। शिविर का शुभारंभ नप अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, सीएमओ श्रीमती प्रमिला ठाकुर की उपस्थिति में हुआ। शिविर में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं के आवेदन लिए गए। जिनका निराकरण किया गया।

# स्वास्थ्य विभाग की भूमि पर चाट चौपाटी निर्माण का किया विरोध

### जनसुनवाई में कांग्रेस नेताओं ने कलेक्टर को दिया आवेदन

**देवास।** सयाजी द्वार के निकट मल्हार स्मृति मंदिर के पीछे स्थित महात्मा गांधी चिकित्सालय (एमजीएच) परिसर की भूमि पर प्रस्तावित चाट चौपाटी केंद्र के निर्माण का विरोध शुरू हो गया है। इस संबंध में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रतीक शास्त्री के नेतृत्व में जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर को आवेदन देकर योजना पर पुनर्विचार करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि संबंधित भूमि रियासत काल से अस्पताल परिसर के रूप में उपयोग में रही है तथा पूर्व से ही इस स्थान पर एमजीएच के विस्तार एवं पैथोलॉजी लैब की योजना प्रस्तावित है। आवेदकों का कहना है कि देवास में पहले से ही स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है, ऐसे में अस्पताल परिसर की भूमि का उपयोग केवल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए किया जाना चाहिए। पं. रितेश त्रिपाठी ने कहा कि प्रस्तावित चाट चौपाटी में बनने वाली महंगी दुकानों का लाभ छोटे व्यापारियों को नहीं मिल पाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे चाट चौपाटी के विरोधी नहीं हैं, लेकिन इसके लिए किसी अन्य उपयुक्त स्थान का चयन किया जाना चाहिए। उनका कहना है कि ऐसी स्थिति में बड़े व्यापारी और भूमाफिया दुकानों का लाभ लेकर उन्हें किराए पर देंगे, जबकि छोटे व्यापारियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया कि उक्त भूमि से संबंधित मामलों में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा जनहित याचिकाओं के तहत प्राप्त आपत्तियों के निराकरण के निर्देश दिए गए हैं और यह मामला प्रशासन के समक्ष विचाराधीन है।



आवेदकों ने आरोप लगाया कि आपत्तियों के निराकरण से बचने तथा राजनीतिक दबाव में चाट चौपाटी विकसित करने की योजना बनाई जा रही है, जो जनहित के विपरीत और दूरदर्शिता से रहित निर्णय है। जिलाधीश ने चर्चा के दौरान कहा कि आप चौपाटी के लिए अन्य जगह बताओ इस पर पं. त्रिपाठी ने कहा कि यह काम शासन प्रशासन का है। इस दौरान कल्याण सिंह पवार, राजा पड़ियार, राजेश देवड़ा, जगदीश टुटेजा, राहुल ठाकुर, रोहित पटेल, देवेंद्र बाबा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सनवारा बीट में 150 बीघा वन भूमि से हटाया अवैध अतिक्रमण

**संयुक्त दल ने की कार्रवाई, 3 जेसीबी और 2 ट्रैक्टरों की मदद से ढहाया अतिक्रमण, खोदे कंटूर ट्रेंच**
**रेंजर गोपाल जाटव के नेतृत्व में वन, राजस्व और पुलिस बल ने दिया कार्रवाई को अंजाम**

**जागरण, कोलारस।** वनभूमि को भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों से मुक्त कराने के उद्देश्य से चलाई जा रही अतिक्रमण विरोधी मुहिम के तहत मंगलवार को रेंजर गोपाल सिंह जाटव के नेतृत्व में संयुक्त दल द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कोलारस वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सबरेंज कोलारस-ब की बीट सनवारा में संयुक्त प्रशासनिक दल ने लगभग 150 बीघा वनभूमि को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त करा लिया है।

जानकारी के अनुसार, सनवारा बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 127 एवं कक्ष क्रमांक आरएफ 129 के वन क्षेत्र में अतिक्रमण कारियों द्वारा लंबे समय से अवैध रूप से कब्जा कर खेती व अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही थीं। वन विभाग द्वारा इस अतिक्रमण को संज्ञान में लेकर प्रकरण तैयार



किया गया। दस्तावेजी साक्ष्य जुटाने और वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत बेदखली आदेश जारी किया गया, जिसके बाद मंगलवार को कार्रवाई की गई। रेंजर गोपाल सिंह जाटव के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। कार्रवाई में शामिल संयुक्त दल में बदरवास के वन परिक्षेत्राधिकारी, उड़नदस्ता दल वन वृत्त शिवपुरी, उड़नदस्ता दल सामान्य वनमण्डल शिवपुरी, नायब तहसीलदार आशीष जैन, थाना प्रभारी तेंदुआ नीतू धाकड़ एवं रन्नौद थाना पुलिस बल, कोलारस वन परिक्षेत्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### 3 जेसीबी और 2 ट्रैक्टरों से हटाया कब्जा

अतिक्रमण स्थल पर प्रशासनिक अमला पूरी तैयारी के साथ पहुंचा। टीम ने मौके पर 03 जेसीबी मशीन एवं 02 ट्रैक्टर मय सूपा की सहायता से अवैध निर्माण और कब्जे को ढहाकर वनभूमि को मुक्त कराया। भविष्य में दोबारा कोई इस भूमि पर कब्जा न कर सके, इसके लिए वन विभाग द्वारा तुरंत ही मौके पर जेसीबी मशीनों से कंटूर ट्रेंच खुदवाने का कार्य भी शुरू करवा दिया। इस दौरान रेंजर गोपाल सिंह जाटव द्वारा ग्रामीणों को? समझाइश दी गई कि वन विभाग की शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण कानूनन अपराध है और ऐसा करने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## छह साल से फरार एक वारंटी को शराब के नशे में किया गिरफ्तार

**जागरण, शिवपुरी।** पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे वारंटी पकड़ो अभियान के तहत सुभाषपुरा थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने छह वर्षों से फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।



जानकारी के अनुसार आरोपी रामबाबू मोगिया के खिलाफ माननीय न्यायालय शिवपुरी द्वारा वर्ष 2020 के विभिन्न प्रकरणों में तीन स्थायी वारंट जारी किए गए थे। लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी, लेकिन वह पुलिस को चकमा देने में सफल हो रहा था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में थाना सुभाषपुरा पुलिस ने उसकी तलाश तेज की। इसी दौरान 15 जून को सूचना मिली कि वारंटी रामबाबू पुत्र लखन मोगिया उम्र 28 वर्ष निवासी गोपालपुर ग्राम सेंवड़ा क्षेत्र में शराब के नशे में घूम रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। गिरफ्तारी के बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराया गया और फिर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि अरविंद सिंह चौहान, सउनि महेश शर्मा, प्रधान आरक्षक राजेश मिश्रा, आरक्षक अवधेश शर्मा, गोरे सिंह जादौन, सुखवीर सिंह जाट एवं अर्जुन सिंह जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## कोलारस में 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर शुरू, पात्र हितग्राहियों को बांटे स्वीकृत पत्र

**जागरण, कोलारस।** जनपद पंचायत प्रांगण कोलारस में नगर परिषद एवं जनपद पंचायत कोलारस के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। शिविर के पहले दिन केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं अन्य हितलाभ वितरित किए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव ने कहा कि ऐसे शिविर आमजन को सरकारी योजनाओं से सीधे जोड़ने और पात्र लोगों को त्वरित लाभ पहुंचाने का सशक्त माध्यम हैं। जनपद अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने मंच से केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व नप अध्यक्ष रविंद्र शिवहरे ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे शिविर में आकर अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराकर अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष भरत सिंह




चौहान ने की। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व नप अध्यक्ष रविन्द्र शिवहरे उपस्थित रहे। साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल कुशवाह, महामंत्री दीपक जैन, गुरप्रीत सिंह चीमा, शिखर धाकड़, ओपी भार्गव, वलवीर निबोरिया, पवन शिवहरे, राजू भार्गव, संदीप चंदेल, होतम जाटव, महेश गुप्ता, संजय चौहान, पुष्पेन्द्र चौहान, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन पुष्पेंद्र चौहान ने किया। तीन दिवसीय शिविर के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां पात्रता जांच, आवेदन एवं मौके पर ही समस्याओं का निराकरण किया गया।

## निर्वाचन आयोग पर पक्षपात के आरोप एनएसयूआई, यूथ कांग्रेस ने फूंका पुतला

**जागरण, शिवपुरी।** कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र निरस्त किए जाने और भाजपा उम्मीदवार महेश केवट के निर्विरोध निर्वाचित होने के विरोध में सोमवार को शिवपुरी में एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। माधव चौक पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने निर्वाचन आयोग पर निष्पक्षता से कार्य नहीं करने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि कांग्रेस उम्मीदवार का नामांकन बिना उचित जांच के निरस्त किया गया, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। उन्होंने आरोप लगाया कि आयोग लगातार पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है, जिससे चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर आयोजित किया गया। प्रदर्शन में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष सत्यम चौहान, एनएसयूआई महासचिव उबैद हुसैन, हरिओम यादव, सिद्धार्थ चौहान, केके खंडेलवाल, बाइसराम धाकड़, ललित सेन, पुनीत शर्मा, अमन खान, विश्वविजय सिंह, प्रयागराज, मोहित रघुवंशी, जैद पठान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।